दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 98 | जयपुर | सोमवार, 10 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पीएम मोदी फ्रांस की एआई समिट में शामिल होंगे
### यहां एआई इस्तेमाल की गाइडलाइन तय होगी; आज फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार 10 फरवरी को फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे। यहां पीएम मोदी 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी।

इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इस समिट को लेकर कहा-यह समिट ऐसे वक्त में हो रही है जब कई लोग एआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खेल के नियमों को तय करने के बारे में है। एआई को कानून के दायरे में लाना जरूरी है।

#### समिट में 80 देशों के अधिकारियों और सीईओ हिस्सा लेंगे

अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीन से राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक विशेष दूत भी इस बैठक शामिल होगा। वहीं, ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ह्रश्वद्गठ्ठएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी और सीईओ भी हिस्सा लेंगे। इस समिट में टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क और चीनी एआई डीपसीक के फाउंडर लियांग वेनफेंग का शामिल होना फिक्स नहीं है। सभी ग्लोबल लीडर्स और एक्सपर्ट्स के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास एलिसी पैलेस में डिनर का आयोजन होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से दूसरा वनडे हराया
#### सीरीज में 2-0 की बढ़त, कप्तान रोहित की सेंचुरी; जडेजा को 3 विकेट



बढ़ता राजस्थान

**कटक ( एजेंसी )।** भारत ने इंग्लैंड को दूसरे वनडे में 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त भी ले ली। कटक के बाराबाती स्टेडियम में रविवार को इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। टीम 49.5 ओवर में 304 रन बनाकर सिमट गई। भारत ने 44.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से कप्तान रोहित शर्मा ने 32वां वनडे शतक लगाया, उन्होंने 119 रन बनाए। शुभमन गिल ने 60 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 69, बेन डकेट ने 65 रन बनाए। जैमी ओवर्टन को 2 विकेट मिले। तीसरा वनडे 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

### 2025 की जनवरी इतिहास में तीसरी सबसे गर्म
#### 20 दिन बाद गर्मी शुरू होगी; बसंत महीना छोटा हुआ, पहाड़ों में बर्फबारी 80% तक कम



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** क्लाइमेट चेंज के चलते देश में सर्दी का असर कम होने लगा है। गर्मी जल्दी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'फरवरी के आखिरी हफ्ते यानी 20 दिन बाद तापमान इतना बढ़ चुका होगा कि गर्मी का अहसास होने लगेगा।' इस साल जनवरी का महीना इतिहास में तीसरा सबसे गर्म रहा। देश में जनवरी महीने का सामान्य औसत तापमान 18.04 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस बार सामान्य से करीब 1 डिग्री ज्यादा रहा। आमतौर पर पहले फरवरी मध्य से अप्रैल की शुरुआत तक 45-60 दिन सर्दी-गर्मी नहीं सतातीं थी। यह मौसम बसंत का होता है।

### जयपुर में मकान पर कब्जा करने वाला युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर की भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने 1 साल से मकान पर कब्जा कर रह रहे भूमाफिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह एक्शन सीएमओ से मिले निर्देश पर किए। पीड़ित सीएमओ में अपनी शिकायत लेकर गया तो इस पर तत्काल कार्रवाई के आदेश होने पर पुलिस ने आरोपी भूमाफिया को गिरफ्तार किया। पीड़ित राजेश कुमार निवासी जयराम निवासी 216 शिल्प कॉलोनी झोटवाड़ा ने कई बार पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी।

### जयपुर से बेंगलुरु की फ्लाइट पांचवें दिन भी हुई रद्द
#### एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स हुए परेशान, 11 फरवरी से फिर होगा संचालन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बेंगलुरु जाने वाले पैसेंजर को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ रहा है। इंडिगो एयरलाइंस की बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट रविवार को लगातार पांचवें दिन भी आखिरी वक्त पर रद्द हो गई। इसके बाद फ्लाइट के टिकट्स बुक करने वाले पैसेंजर्स को परेशान होना पड़ा। हालांकि एयरलाइंस कंपनी द्वारा सभी को रिफंड दिया गया है। आखिरी वक्त पर फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से काफी यात्री अपने निर्धारित वक्त पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। जयपुर से बेंगलुरु के लिए टिकट बुक करने वाले रौशन सैनी ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस द्वारा आखिरी वक्त पर टिकट कैंसिल किया गया है। इसकी वजह से मैं बेंगलुरु निर्धारित वक्त पर नहीं पहुंच पाऊंगा।



## मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया
### दिल्ली में शाह से मुलाकात के बाद फैसला; राज्य में 21 महीने से हिंसा जारी

बढ़ता राजस्थान

**इम्फाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। गवर्नर अजय कुमार भल्ला ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और बीरेन सिंह से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा है।

बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं।

इस्तीफे का फैसला लेने से पहले बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के भीतर लिया जाएगा। आईटीएपुएल ने कहा- बिरेन सीएम रहें या नहीं, हमारी मांग अलग प्रशासन की कूकी समुदाय की संस्था आईटीएफएल के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा- बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया है। हाल ही में उनका एक ऑडियो टेप लीक हुआ था, जिसका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया है। ऐसे में अब भाजपा के लिए भी उन्हें बचाना मुश्किल लग रहा है। बिरेन चाहे मुख्यमंत्री रहें या नहीं, हमारी मांग अलग प्रशासन की है। मैतेई समुदाय ने हमें अलग किया है। अब हम पीछे नहीं हट सकते। बहुत खून बह चुका है। एक राजनीतिक हल ही हमारी मुसीबत का समाधान कर सकता है। कूकी समुदाय अलग प्रशासन की मांग को लेकर अब भी जस का तस कायम है।

#### राहुल बोले- पीएम को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए

एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हिंसा, जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने एन बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। लेकिन अब लोगों की तरफ से बढ़ते दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव की वजह से एन बीरेन सिंह इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। ट्वीटर पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे जरूरी बात यह है कि राज्य में शांति बहाल की जाए और मणिपुर के लोगों के घावों को भरने का काम किया जाए। पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले- कांग्रेस को फिर हिंदू याद आने लगे
#### गहलोत के बयान पर कहा- उन्होंने मंदिरों पर टैक्स लगाया, मस्जिद-मदरसों को बढ़ाने का काम किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- दिल्ली चुनावों में करारी हार के बाद अब कांग्रेस नेताओं को एक बार फिर हिंदू याद आने लगे हैं। दिल्ली चुनावों में तुष्टीकरण के चलते धर्म विशेष को खुश करने के लिए इतने दिन किसी भी कांग्रेस के नेता के मुंह से बांग्लादेश हिंसा पर एक शब्द नहीं निकला। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने हमेशा मस्जिद और मदरसों को आगे बढ़ाने का काम किया है। इन्होंने मंदिरों को किसी भी प्रकार का सहयोग करने का काम नहीं किया। उल्टा मंदिरों पर टैक्स लगाया है। मंदिरों को जो आय होती थी, उसे भी सरकारी खजाने में जमा करने का काम किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- हम सभी धर्मों का सम्मान-आदर करते हैं, सबकी भावनाओं का सम्मान करते हैं। अल्पसंख्यकों की भावनाओं का भी हम सम्मान करते हैं। मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने पुजारियों का मानदेय बढ़ाने का काम किया।

#### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का केजरीवाल पर बड़ा आरोप

मदन राठौड़ ने कहा- असत्य ज्यादा दिन नहीं चल सकता है। अन्ना हजारे के आंदोलन से केजरीवाल पैदा हुए थे। उन्होंने अन्ना हजारे को साइड लाइन करके लोगों की भावनाओं को कब्जे में ले लिया। देश को यह दिखाने की कोशिश की कि हम सच्चा प्रशासन देंगे। वो खुद भ्रष्टाचार में डूब गए।

## किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता है उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए : उपराष्ट्रपति



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा की किसान दाता है और उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए। चित्तौड़गढ़ में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को सम्बोधित करते हुए उपरष्ट्रपति ने कहा, किसान की आर्थिक व्यवस्था में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है। बाकी किसान दाता है, किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज किसान नहीं होना चाहिए, क्योंकि किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है।

कुछ भी हो जाए, कितनी बाधाएँ आएँ, कोई भी अवरोधक बने, आज के दिन विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता। आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है, उन्होंने ज़ोर दिया। 25 साल पहले हुए जाट आरक्षण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं यहाँ 25 साल बाद आया हूँ, 25 साल पहले इसी जगह पर एक बहुत अच्छा काम हुआ था। सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत की थी, जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिले।

यह शुरुआत 1999 की थी, समाज के प्रमुख लोग यहाँ उपस्थित थे। मैं भी उनमें एक था। हमने इस पवित्र भूमि, देवनगरी, मेवाड़ के हरिद्वार में संरचना की, कार्यसिद्धि मिली और आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं।

उसी आधार पर, उसी सामाजिक न्याय पर, उसी आरक्षण पर जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। उनको मेरा आग्रह रहेगा; पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें-इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास की वजह से हमें सामाजिक न्याय मिला.जब भी कोई आंदोलन होता है, खा़स तौर से आरक्षण से जुड़ा हुआ। लोग आतंकित हो जाते हैं, हिंसक हो जाते हैं, और कई दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। पर इस पावन भूमि पर मेरा सिर गौरव से ऊंचा है, छाती चौड़ी है, कि हमारा आंदोलन सामाजिक न्याय का दुनिया के लिए सबसे बड़ी मिसाल है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई, कहीं कोई हिंसा नहीं हुई।

किसानों से कृषि विज्ञान केंद्रों का लाभ लेने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, किसान को मदद करने के लिए 730 से ज़्यादा कृषक विज्ञान केंद्र हैं। उनको अकेला मत छोड़िए, वहाँ पर जाइए और उनसे कहिए—आप हमारी क्या सेवा करेंगे? नई तकनीकों का ज्ञान लीजिए, सरकारी नीतियों की जानकारी लीजिए। तब आपको पता लगेगा कि सरकार ने आपके लिए खजाना खोल रखा है, जिसकी जानकारी आपको नहीं है।

शेष पेज 09 पर..........

बढ़ता TOON!







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# श्री महावीर जी में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का पंचम दिवस: भक्ति और आत्मशुद्धि का दिव्य संगम

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीर जी मे रविवार को श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पंचम दिवस का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रात: से ही धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए, जिनमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में मंत्रों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चना गूंजती रही, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया । सुबह 7.30 बजे श्री जिनेंद्र भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा विधिपूर्वक आचार्य 108 श्री विमल सागर जी महाराज, आर्यिका श्री 105 दीक्षामती माताजी के सानिध्य में पंडित मुकेश जैन शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद अष्टद्रव्य पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल समर्पित कर जिनेंद्र भगवान की आराधना की।इस अवसर पर आचार्य श्री 108 विमलसागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा भक्ति का सही अर्थ है, आत्मा को निर्मल बनाना। जब तक हमारे मन में विकार हैं, तब तक सच्ची भक्ति संभव नहीं है। सिद्धचक्र महामंडल



विधान हमें अहिंसा, संयम और सदाचार का मार्ग दिखाता है। धर्म का पालन केवल मंदिर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमारे व्यवहार, विचार और कार्यों में भी दिखना चाहिए।आर्यिका श्री 105 दीक्षामति माताजी ने अपने प्रवचन में कहा जो व्यक्ति भगवान की भक्ति को अपने जीवन का आधार बनाता है, वह कभी दुखी नहीं रहता। सच्चा भक्त वही है जो भक्ति के साथ-साथ करुणा, दया और परोपकार के गुणों को अपने जीवन में अपनाता है। भजन गायक पलक जैन और दीपेश भैया ने अपने मधुर स्वरों से संगीतमय भजनों की धुन पर सभी श्रद्धालु झूम उठे और भक्ति में लीन हो गए। सौधर्म इन्द्र-इन्द्राणी दिनेश कुमार जैन, निर्मला जैन ने हे प्रभु! हे जिनेंद्र! हमारी अरज सुन लो... पर प्रभु की भक्ति की। प्रफुल्ल जैन, प्रतीक्षा जैन ने तीर्थ महावीर जी में बैठे महावीर, रिमझिम रिमझिम बरसे... पर प्रभु महावीर की भक्ति की। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्मलाभ प्राप्त किया। सौधर्म इन्द्र-इन्द्राणी दिनेश कुमार जैन, निर्मला जैन, चंद्रेश कुमार जैन, सुनीता जैन, गिन्नो देवी जैन, ललिता जैन, विनोद जैन जयपुर, प्रफुल्ल जैन, प्रतीक्षा जैन, बेबी जैन, रमेश चंद जैन, सरिता जैन, राकेश जैन, सुमन जैन, महेंद्र जैन, सरला जैन, सुभाष चंद जैन, हेमलता जैन, अशोक जैन, प्रदीप जैन, संगीता संजय जैन, सीमा राजेश जैन, हिना जैन, मीनाक्षी जैन, दिविषा जैन एवं स्थानीय चन्दनबाला महिला मंडल के सदस्य आदि गणमान्य लोगों ने धर्मलाभ लिया।

# पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों को प्रभावी रुप में लाये : भूपेन्द्र शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के निर्देशन में आज रविवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की प्रभावी क्रियान्विति हेतु जानकारी दी गई।

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावर वृत्त के वृत्ताधिकारी राजेश कसाना एवं सहायक लोक अभियोजक प्रियव्रत सिंह ने नवीन कानून पर जानकारी दी। जिसमें समस्त वृत्ताधिकारी व जिले के सभी थानाधिकारी गण एवं पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया।

अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को जानकारी देते हुए कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों की प्रभावी क्रियान्विति हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि कार्यशाला में नवीन आपराधिक कानून पर विस्तृत चर्चा कर नवीन कानून को उपयोग में लाये जाने की बात कही। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 नवीन कानूनों से पुलिस कर्मियों की दक्षता को बढाने व पुलिस कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी बनाने एवं पुलिस अधिकारियों को अनुसंधान कौशल के साथ-साथ फॉरेंसिक अनुसंधान की अनिवार्यता, डिजिटलीकरण तथा विचारण एवं प्रक्रियाओं में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग व बायोमैट्रिक डाटा का संग्रहण के बारे में विस्तृत में जानकारी दी गई। महिला एंव बच्चों के विरूध अपराधिक प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करना व असामाजिक तत्वों एवं संदिग्धों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

# जसोल धाम में माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी पर विशेष पूजा अर्चना, भव्य सजावट और कन्या पूजन संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा,( कैलाश गोस्वामी ) ।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान (जसोलधाम) में माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी के पावन अवसर पर मां जसोल के असंख्य भक्तों की सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर संस्थान की ओर से श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा, श्री सवाई सिंह जी, श्री लाल बन्ना सा, श्री खेतलाजी एवं श्री काला-गौरा भेरूजी मंदिरों में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई।

**विशेष सजावट, अन्न पूर्णा प्रसादम ( भोजन प्रसादी ) और छप्पन भोग का आयोजन :** पूरे मंदिर परिसर को अलग-अलग रंग-बिरंगे और आकर्षक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे मंदिर का वातावरण और अधिक भव्य-दिव्य और भक्तिमय हो गया। इस शुभ अवसर पर अन्नपूर्णा प्रसादम (भोजन प्रसादी) एवं छप्पन भोग का भी आयोजन किया गया, जिसका लाभ किशोर भाई, हितेश भाई, सुपुत्र प्रेम भाई जाणी निवासी लाल जी की डूंगरी (हाल निवास - सूरत) की ओर से लिया गया।

**कन्या पूजन का आयोजन :** पूजा-अर्चना और भोग के बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें जसोल सर्व समाज की कन्याओं का आदरपूर्वक पूजन किया गया और उन्हें सम्मानपूर्वक प्रसादम, फलाहार एवं दक्षिणा प्रदान की गई। कन्या प्रसाद के उपरांत जसोलधाम पधारे समस्त भक्तों में लाभार्थी परिवार द्वारा धर्म भाव के साथ अन्न पूर्णा प्रसादम का वितरण किया गया।

**दर्शन लाभ प्राप्त कर लिया आशीर्वाद :** मंदिर में इस भव्य आयोजन के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर राज राजेश्वरी जगत जननी पालनहार श्री राणीसा भटियाणीसा सहित मंदिर प्रांगण स्थित समस्त मंदिरों में दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद लिया। मंदिर संस्थान के कर्मचारियों और सेवादारों ने पूरे कार्यक्रम को भव्य और सुचारू रूप से संपन्न करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पेंशनर समाज उप शाखा जवाजा जिला ब्यावर के चुनाव में किशन सिंह चौहान निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा जवाजा के चुनाव रविवार 9 फरवरी 2025 को खाकी बाबा की धूणी जवाजा में सम्पन्न हुए। इस मौके पर चुनाव में एक ही नामांकन दाखिल होने के कारण मुख्य चुनाव अधिकारी नेमीचंद यादव ने बाडिया भाऊ के किशन सिंह चौहान पुत्र भूरसिंह चौहान को निर्विरोध निर्वाचित किया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष किशन सिंह चौहान को जवाजा उप शाखा के अध्यक्ष पद पर कार्य करने की शपथ दिलाई तथा उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया । इस अवसर पर चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह पवार ने उनको पेंशनर समाज उप शाखा जवाजा के चुनाव का दायित्व सौंपे जाने के लिए अध्यक्ष नारायण सिंह पवार एवं उपस्थित सभी पेंशनरों का आभार जताया । उप शाखा जवाजा के पूर्व अध्यक्ष मोती सिंह चौहान ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की बखूबी से प्रशंसा की तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को सभी पेंशनरों को साथ और विश्वास में लेकर कार्य करने की सलाह दी । नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन सिंह चौहान ने अपने अध्यक्ष चुने जाने पर सभी का आभार



जताया व अपने कार्यकाल में सभी को साथ लेकर अच्छे से अच्छा कार्य किए जाने के लिए सभी पेंशनर भाइयों से सहयोग की अपील की।

उन्होंने बहुत जल्दी अपनी कार्यकारी कारिणी का गठन करने एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का आश्वासन दिया। चुनाव के बाद चुनाव संयोजक टील सिंह चौहान ने चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक पारदर्शी व विश्वसनीय व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत सभी पेंशनर समाज के लोगों ने अपना विश्वास व्यक्त किया उसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्यावर के अध्यक्ष नारायण सिंह पवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अपनी बधाई दी तथा जवाजा उप शाखा के भविष्य में पेंशनरों के अधिक से अधिक कार्यों में मदद करने, प्रतिमाह मासिक मीटिंग का आयोजन करने, नए सदस्यों के लिए नया रजिस्टर बनाने तथा नए सिरे से नई कैश बुक संधारित कर कार्य प्रारंभ करने, उपशाखा जवाजा भवन के लिए भूमि आवंटन कराने, फैमिली पेंशनर के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के क्रम में विभिन्न जानकारियां दी । इस अवसर पर शांतिलाल कुरडिया, रूघा सिंह पवार, हरि सिंह चौहान, सोहन सिंह चौहान, तारा सिंह चौहान, नारायण सिंह चौहान (आर आई ) , अनामी शरण , दौलत सिंह चौहान, गोपाल सिंह चौहान, मोहन सिंह चौहान, रामचंद्र शर्मा, दलपत सिंह खोड़माल के साथ कई पेंशनर उपस्थित थे।

# 11 दिवसीय रामलीला का मंचन प्रारम्भ

## भगवान प्रभु श्री राम के जन्म होने पर जयकरों से गूंज उठा पांडाल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भारत के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी के 25 कलाकारों द्वारा आज से सवीना मुख्य चौराहा पर 11 दिवसीय भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म का मंचन किये जाने पर पांडाल जयकारों से गूंज उठा। भारत के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल के संचालक पंडित अशोक उपाध्याय ने बताया कि राज दशरथ के घर भगवान राम के जन्म होने पर चारों ओर खुशी की लहर छा गयी। मंदिरों में घंटे बजने लगे। आसमान में सभी देवी-देवताओं ने पुष्पवर्षा की। रामलीला कार्यक्रम के आयोजक सविना निवासी दिलीप जैन ने ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ किया। प्रथम दिन ही हजारों की संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा। वर्षो बाद इस प्रकार की रामलीला देखने को मिली क्योंकि यहां लोगों में राम के प्रति अटूट आस्था देखने को मिली।



कार्यक्रम के आयोजक दिलीप जैन ने बताया कि श्री राम मनोरंजन के विषय नहीं है राम आस्था के विषय है और रामलीला जैसे मंचन के द्वारा बच्चों में संस्कार स्थापित होते हैं और धर्म जागरण का भी कार्य भी होता है। उन्होंने बताया कि रामलीला के दौरान खेरोदिया परिवार द्वारा 5100 सौ हनुमान चालीसा वितरित की जायेगी। जिसका उद्देश्य छोटे बच्चे नियमित हनुमान चालीसा पढ़कर स्कूल जाएं क्योंकि हनुमानजी बल बुद्धि विद्या के दाता है। सविना क्षेत्र में बच्चों में संस्कार और धर्म के प्रति आस्थाब बहुत है। इस अवसर पर खिरोदिया परिवार द्वारा केसरबाई जैन, कालू लाल जैन दिलीप जैन, मीना जैन, किरण जैन, कौशिक जैन, रौनक जैन द्वारा उनके पिता स्वर्गीय शंकरलाल जैन की स्मृति में 11 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की प्रेरणा विभिन्न स्थानों पर होने वाली रामलीला के मंचन से मिली। इस अवसर पर दिलीप जैन ने बताया कि 45 साल बाद सबीना में हो रहा है रामलीला का आयोजन हो रहा है। श्रीराम हमारे आदर्श हैं ऐसे आयोजनों से धर्म का प्रचार तो होता ही है और विलुप्त हो रही नाट्य कला का भी प्रचार होता है और बच्चों में संस्कार स्थापित होते हैं। आज टीवी मोबाइल के चक्कर में ऐसे आयोजन धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे है।

# सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन का शपथ ग्रहण समारोह निर्मला जायसवाल अध्यक्ष एवं मधुबाला जायसवाल सचिव



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन उदयपुर का शपथ ग्रहण समारोह सुहालका भवन में आयोजित किया गया।नीतू चौधरी व प्रमीला टांक ने सभी को तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ श्रद्धा गट्टानी थी व विशिष्ट अतिथि डॉ कविता जोशी थी। अतिथियों का स्वागत निर्मला जायसवाल एवं मधुबाला जायसवाल ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष रचना सुवालका ने सभी पूर्व अध्यक्षो, कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया । सभी अतिथियों नेअध्यक्ष निर्मला जायसवाल, उपाध्यक्ष कल्पना पूर्बिया, सचिव मधुबाला जायसवाल व कोषाध्यक्ष लीना जायसवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अंजलि टांक ने किया।मंच व्यवस्था सपना टांक व मीना सुहालका ने संभाली। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉ श्रद्धा गट्टानी ने कहा कि दूसरों की सहायता करके ही हम महान बन सकते हैं। सचिव लता सुहालका ने वर्ष 2024 के सेवा कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चौधरी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया,सुहालका समाज के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सुहालका, पूर्बिया समाज उदयपुर ईकाई के अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया, जायसवाल समाज अध्यक्ष राणा जायसवाल, मनीष जायसवाल, बाल कृष्ण सुहालका कुशल सुहालका, चुन्नीलाल लाल कलाल, उपेन्द्र चौधरी, अमृतलाल पूर्बिया का भी स्वागत किया गया।

# मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से महाकुंभ की प्रथम नि:शुल्क बस यात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर ट्रस्ट द्वारा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए नि:शुल्क बस यात्रा मंहत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में रवाना हुई । रविवार को प्रथम बस मंदिर प्रागंण में विविवत पूजन और बालाजी महाराज के जयकारो के साथ श्रद्धालुओं की रवाना हुई। यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा पूर्णत: निन्शुल्क रखी है। जानकारी के अनुसार बालाजी मंदिर से प्रयागराज महाकुंभ की नि:शुल्क द्वितीय बस 13 फ़रवरी और 16, 19 और 22 फरवरी तक नि:शुल्क बस यात्रा जारी रहेगी। साथ ही यात्रियों को ठहरने और भोजन व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

# मेहंदीपुर गांव में संचालित सरस्वती विद्या विहार विद्यालय में दो बैटरी एवं एक इनवर्टर चुरा कर ले गए

## विद्यालय में सो रहे संचालक के कमरे का बाहर से कुंनदी लगाकर किया बंद

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** मेहंदीपुर बालाजी आस्था धाम के मेहंदीपुर गांव में संचालित सरस्वती विद्या विहार मंदिर में शनिवार को रात्रि अज्ञात चोर विद्यालय में घुसकर विद्यालय में रखें दो 200 एम्पीयर के बेटरी एवं एक इनवेंटर को चुरा कर ले गए।विद्यालय के संस्थापक के द्वाराउक्त घटना की मेहंदीपुर बालाजी पुलिस चौकी मेंशिकायत की जिस पर मौके पर पुलिस प्रशासन ने जाकर चोरी हुई



स्थान की जांच की। सरस्वती विद्या विहार विद्यालय मेहंदीपुर के संस्थापक राम अवतार सैनी ने बताया कि वह शनिवार को रात्रिविद्यालय में सोया हुआ थातथा विद्यालय के मुख्य दरवाजे कागेट बंद कर रखा थाऔर विद्यालय के अंदर ही एक कमरे में अंदर की कुंदी लगाकर सो रहा था। सुबह जागा तो बाहर सेकमरे की कुंडी बंद थी जिसे परिचितों को फोन करके खुलवाया गया।

# त्रिदिवसीय स्वर्ण शिखर कलशारोहण उत्सव पर आज हुई हल्दी-मेहंदी की रस्म

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** बलीचा स्थित ध्यानोदय क्षेत्र में सुप्रकाशमति माताजी के सानिध्य में रविवार से प्रारम्भ हुए त्री दिवसीय स्वर्ण शिखर कलशारोहण के छठें वार्षिक उत्सव में सभी इन्द्र-इन्द्राणियों ने हल्दी व मेहंदी रस्म अदा की। यह ऐसा दृश्य था की स्वर्ग के देव प्रभु को हल्दी मेहंदी से अभिषेक कर रहे हो और देवियां भव्य भक्ति से प्रभु को गुलाल लगा रही हो। इस अवसर पर गुरु माँ सुप्रकाशमति माताजी ने कहा कि यह रस्म प्रभु भक्ति का अनूठा आयोजन हैं। सांय भव्य आरती हुई। कल प्रात: 6.30 बजे 81 महिलाओं 81 कलश द्वारा मंदिर के शिखर पर दिव्य शुद्धि एवं भव्य पंच अमृत से कामधेनु शांति नाथ का भव्य अभिषेक होगा। वह अलौकिक दृश्य के दौरान भव्य ध्वजारोहण होग जिसमें 24 तीर्थंकर के अलग अलग रंग के ध्वज बाहुबली स्वामी का स्वेत एवं मुख्य केसरिया जिन प्रतिक ध्वज एवं चार दिशा के पंचरंगी नमस्कार मंत्र ध्वज सहित 29 ध्वज एक साथ लहरा कर चारो दिशा मे जैन धर्म प्रभावना फैलायेंगे और सर्व जगत मे शांति हो इस भावना से याग मंडल विधान दोपहर 1बजे होगा तत्पश्चात गुरु माँ का मंगल प्रवचन होगा।

ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि सांयकाभक्ति संध्या एवं अखिल भारतीय सुप्रकाश ज्योति मंच का शपथ ग्रहण समारोह होगा। प्रतिष्ठाचार्य सांगली महाराष्ट्र दीपक उपाध्याय ने कहा कि यह आयोजन एक पंच कल्याण के समान पुण्यफल दायी हैं इस का पुण्य पूर्ण लाभार्थी को फल दायी हैं!मुख्य इंद्र अभय गाड़िया प्रकाश सिंघवी शैलेश मूंगड़िया त्रिलोक सवाला रामगंज मंडी सुजीत जैन असम गोहाटी तो राजेश जैन जयपुर और भी कई श्रेष्ठी इसमें भाग ले कर पुण्य कमा रहे हैं।

# 1008 स्वामी श्री रामचरण जी महाराज जी की जयंती के अवसर पर संगम, सेक्टर 26 में सुंदरकांड पाठ का आयोजन









बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजय वर्गीय वैश्य समाज के राजसेवक संघ, संगम, सेक्टर 26 के अध्यक्ष शिवकुमार बुटेरी के निर्देशन में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ एवं 1008 स्वामी श्री रामचरण जी महाराज जी की जयंती (पाटो उत्सव) के उपलक्ष्य में दिनांक 11.2.25 को सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। संगम के सभी सदस्यों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विशंभर दयाल दुब्बी, नंदकिशोर बसवा, जयपुर अध्यक्ष महेंद्र कुमार थाना राजगढ़, श्याम लाल टहला, डॉक्टर चांदमल सहित अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, रामबाबू भरथला, बाबू, देवेंद्र बांदीकुई, सुशील कुमार, संतोष, लोकेश कुमार, मुरारी दुब्बी, मंजू, मुकेश, रतनलाल, सेवाराम, आनंद, विनोद, सीमा, यश, दुर्गा लाल, उमाशंकर, डॉ. रमिता, राजेश, दीपक, अजय कुमार, मनोज, राजेश, सुमन, पुष्पा, बनवारी बांदीकुई, महेश करनावर, उमाकांत खेड़ा कल्याणपुर, सत्यनारायण, रामप्रकाश, शंभू दयाल कुंडल, बाबूलाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर था।

# शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता में सिंवार टीम रही विजेता




बढ़ता राजस्थान


**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे की बालाजी रोड़ स्थित नेहरू नगर के खेल मैदान पर नेहरू नगर वॉलीबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय शूटिंग वॉलीबॉल डे नाइट प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। प्रतियोगिता संयोजक बंशी लाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम विजेता सिवार (जयपुर) तथा उपविजेता बाजिया का बास तथा तृतीय स्थान पर फायरेश्वर क्लब फुलेरा रहे।टूर्नामेंट में बेस्ट नेटर का खिताब भावेश वर्मा फुलेरा बेस्ट प्लेयर राजू शर्मा सिवार बेस्ट शूटर मनीष बाजिया का बास बेस्ट डिफेंडर सुनील मुंडोतिया फुलेरा रहे। प्रतियोगिता समापन पर विजेता टीमों को नगद पुरस्कार राशि तथा ट्रॉफी प्रदान की गई । प्रतियोगिता की संपूर्ण भोजन चाय पानी की व्यवस्था भामाशाह प्रेमचंद फूलचंद कुमावत द्वारा की गई ।विजेता टीमों की संपूर्ण ट्राफियां जोशी इलेक्ट्रिकल्स फुलेरा विजय कुमार जोशी द्वारा दी गई ।प्रतियोगिता में कानाराम गार्ड राजू सामोता नगेंद्र सिंह छगन बड़ीवाल सुनील चौधरी बागेश्वर वर्मा दिनेश कुमार गुजराती इंद्र कुमार मीणा पवन बासनीवाल पुरुषोत्तम शर्मा रमन भाई हरीश बढ़ीवाल उमर फारूक नौनिहाल सिंह सुनील सदारंगानी राजकुमार सैनी मनोज सैनी मोतीलाल मीणा मुरलीधर शर्मा किशोरसिंह दिलीपसिंह रामपाल प्रजापत विमल प्रजापत सुलेमान शेख पवन मीणा राजकुमार प्रजापत आदि भामाशाहों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। विजेता टीमों को प्रेमचंद कुमावत फूलचंद कुमावत विजय जोशी दिलीप सिंह मुरलीधर शर्मा राजेश उज्जैनिया दिनेश कुमार गुजराती उमर फारूक इत्यादि मुख्य अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार व ट्राफियां प्रदान की गई समापन के दौरान नेहरू नगर वॉलीबॉल क्लब के सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

# अल्बर्ट हॉल पर लोक संस्कृति का रंग, कल्चरल डायरीज में बाड़मेर के कलाकारों ने मोहा मन

## केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देस से... धरती धोरां री तक लोक गीतों की धुन पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा जयपुर में आयोजित पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज के पांचवें एडिशन के दूसरे दिन अल्बर्ट हॉल पर बाड़मेर के लोक कलाकार गौतम परमार व उनके दल ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक कला की झलक देखने को मिली, जिसने न केवल जयपुरवासियों बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान के प्रसिद्ध लोकगीत केसरिया बालम आओ नी, पधारो म्हारे देस से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को लोक संगीत की मिठास से सराबोर कर दिया। इसके बाद रिमझिम बरसे मेह... गीत पर प्रस्तुत लोकनृत्य ने समां बांध दिया। इस संध्या में विभिन्न पारंपरिक लोकनृत्यों की झलक भी देखने को मिली। चरी नृत्य में नर्तकियों ने सिर पर जलते दीपों से भरी चरी (मिट्टी का बर्तन) रखकर अद्भुत संतुलन और कला का प्रदर्शन किया। भवाई नृत्य में कलाकारों ने एक के ऊपर एक रखे मटकों के साथ कुशल संतुलन बनाए रखा, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रिम नृत्य, जो साइकिल की रिम के साथ किया जाता है, अपने अनूठे अंदाज से आकर्षण का केंद्र बना। राजपूती शान के प्रतीक घूमर नृत्य की गरिमामयी प्रस्तुति ने खासा लुभाया। घुटना चकरी व तराजू नृत्य ने कलाकारों की लय, सटीकता और संतुलन को बखूबी दर्शाया। राजस्थान के प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य में कलाकारों की लचीली और लयबद्ध मुद्राओं दर्शकों को मोहित किया। फायर नृत्य ने रोमांच और आकर्षण को नए स्तर पर पहुंचा दिया, जिसमें कलाकारों ने जलती हुई आग के साथ नृत्य कर दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम का समापन धरती धोरां री... गीत और देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य से हुआ, जिसने माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। इस संध्या के मुख्य कलाकार गौतम परमार स्वयं एक कुशल भवाई नृतक हैं, जिन्होंने जापान, वियतनाम और बैंकॉक में अपनी कला का प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है। उनके दल में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त गायक पुष्कर प्रदीप, रजनीकांत शर्मा, दिलावर खां, बाबू खां शामिल थे। वहीं, महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित गायिका जानकी गोस्वामी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। गौरतलब है कि कल्चरल डायरीज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर पर्यटन विभाग के नवाचार के रूप में आयोजित की जा रही है। इस सांस्कृतिक संध्या में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक नवल किशोर बसवाल सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जयपुरवासियों और पर्यटकों को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने का यह अभिनव प्रयास हर बार नई प्रस्तुतियों और लोक कलाकारों के शानदार प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा है।



# अजमेर आईसीएआई सी ए द्वारा आयोजित इंटर ब्रांच क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्यावर ने मारी बाजी




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** अजमेर आईसीएआई ष्ट द्वारा आयोजित इंटर ब्रांच क्रिकेट प्रतियोगिता ब्यावर में आयोजित की गई। इस मौके पर ब्यावर की टीम ने मदनगंज (किशनगढ़) व जोधपुर की टीम को हराकर फाईनल में प्रवेश किया है। जानकारी के अनुसार ब्यावर ब्रांच ने शानदार प्रर्दशन करते हुए पहले मदनगंज (किशनगढ़) को हराया उसके बाद जोधपुर की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल मैच में ब्यावर की टीम ने 143 रन बनाये और पाली की टीम को 97 रन से पीछे रखकर अपनी जीत हांसिल की। ब्यावर की टीम का नेतृत्व हीरेन भंडारी ने किया और सभी मैचों में वेदांत सोमानी , निखिल झंवर , देवांश हालाखंडी ,ऋषभ भंडारी , योगेश गिडवानी और सौरभ कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्यावर को यह ट्रॉफी दिलवाई।

# कॉर्पोरेट का वर्ल्ड कप सीजन 2 का आयोजन 22 फरवरी जयपुर में

## कॉर्पोरेट का वर्ल्ड कप सीजन 2 की ट्रॉफी और टीम जर्सी का अनावरण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कॉर्पोरेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेसीसीए) की ओर से आयोजित कॉर्पोरेट का वर्ल्ड कप सीजन 2 का आयोजन 22 फरवरी से होने जा रहा है। इस लीग की जर्सी और ट्रॉफी का अनावरण किया गया। जेसीसीए के संस्थापक तरुण अग्रवाल,सौरव पांडे, महेन्दर मीणा और प्रवर शर्मा ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस सीजन में भाग लेने वाली प्रमुख कॉर्पोरेट टीमें एचडीफ़सी, नव जयपुर, एनबीसी, हीरो मोटो, एडब्ल्यूपीएल, डॉयचे बैंक, मेटलाइफ, टीपी और पिनेकल इन्फोटेक होंगी और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर रोहित झलानी रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में ओपी ओझा (नॉर्थ हेड, एचडीफ़सी), विवेक अग्रवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट,नव), अतिशय जैन (मैनेजिंग डायरेक्टर, गोल्डन डिवाइन), राजेश विजय (वाइस प्रेसिडेंट, नव), लोकेश अरोड़ा (वेल्थ कंसल्टेंट), शामिल थे। मुख्य अतिथि रोहित झलानी ने अपने संबोधन में कहा जेसीसीए द्वारा कॉर्पोरेट क्रिकेट को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और खेल के माध्यम से टीम वर्क और नेतृत्व कौशल के विकास पर जोर दिया।

## अवैध शराब और जुआ-सट्टा पर पुलिस सख्त

# 10 आरोपी गिरफ्तार, देशी, अंग्रेजी शराब, नकदी और सट्टा सामग्री जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर दक्षिण पुलिस ने अवैध शराब और जुआ-सट्टा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देशी और अंग्रेजी शराब सहित जुआ-सट्टा से जुड़े 27 हजार 710 रुपये नकद और सट्टा सामग्री जब्त की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि जिला स्पेशल टीम दक्षिण ने सांगानेर सदर, शिप्रा पथ,सोडाला ,मानसरोवर और मुहाना थाना इलाके में अवैध शराब और जुआ-सट्टा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए द्वारिका सांसी निवासी सांगनेर सदर जयपुर,नरेश कुमार निवासी शिप्रा पथ जयपुर,दिनेश सिंह निवासी सोडाला,बृज मोहन गुप्ता निवासी सोडाला जयपुर,सुनील कुमार निवासी सोडाला जयपुर,राजेन्द्र निवासी सोडाला,श्योजी राम धानका निवासी सांगानेर सदर जयपुर,मुकेश यादव निवासी मुहाना जयपुर,विशाल पंवार निवासी मालपुरा गेट और शुभा शाक्स निवासी मालपुरा गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से देशी और अंग्रेजी शराब सहित जुआ-सट्टा से जुड़े 27 हजार 710 रुपये नकद और सट्टा सामग्री बरामद की है।

# बस स्टैंड पर यात्रियों के सामान और जेब काटने वाले चार बदमाशों को पकडा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर यात्रियों के सामान और जेब काटने वाले चार बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सवारियों को डराने-धमकाने के लिए लिए रखे धारदार हथियार ब्लेड और कटर भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर यात्रियों के सामान और जेब काटने वाले हारून उर्फ शाहरुख उर्फ पोडा निवासी भट्टा बस्ती जयपुर,राशिद निवासी उत्तर प्रदेश,लोकेश कुमार जायसवाल निवासी मानसरोवर और अजय शर्मा निवासी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सवारियों को डराने-धमकाने के लिए लिए रखे धारदार हथियार ब्लैड और कटर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा और स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा और स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 68 मिलीग्राम स्मैक और 62 ग्राम गांजा सहित विक्रय राशि तीन लाख पचास हजार रुपये जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपी महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा और स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर प्रियंका सांसी निवासी ट्रांसपोर्ट नगर को गिरफ्तार किया गया है।

# लोक परिवहन बस ने स्कूटी को टक्कर मारी, महिला की मौत, सहेली घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** टोंक रोड पर एक लोक परिवहन बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली घायल हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस बस और उसके चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को करीब 8.30 बजे एक लोक परिवहन बस ने टोंक रोड पर रामदास अग्रवाल कट पर आगे चल रही स्कूटी को टक्कर मार दी। बस स्कूटी सवार महिला को कुचलते हुए आगे निकल गई। इससे महिला की मौत हो गई।

# जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला मित्र को लेकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने मारपीट में प्रयुक्त चौपहिया वाहन कार को प्रताप नगर थाना इलाके से किराए पर ली गई थी,उसे भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो फरवरी को महिला मित्र को लेकर जानलेवा हमला करने के मामले में अभिषेक जांगिड़ और शुभम गुर्जर उर्फ शुभम खेडली को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित मालपुरा गेट इलाके के रहने वाले है। वहीं इस मामले में शामिल लक्की शर्मा उर्फ लोकेश उर्फ चीकू निवासी लालसोट और संजय चौधरी सहित अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि दो फरवरी को पीडित विशाल शर्मा निवासी देवी नगर सोडाला ने मामला दर्ज करवाया था कि मालवीय नगर कैलगिरी रोड में बिलियर्ड खेलने के लिए वह अपने तीन दोस्तो के साथ आया था और खेल कर जब निकल रहे थे। तब लक्की शर्मा नाम के लडके का कॉल कर रोड के दूसरी तरफ बुलाया और जैसे ही वह रोड के दूसरी तरफ गया। जब उसने व उसके दोस्त जो गाडी में थे उतर कर मेरे पर लोहे के सरियों से हमला कर कर लूटपाट कर भाग गए थे। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

# ग्राम ईटावा को ग्राम पंचायत तेज्या का बास में यथावत रखने की मांग, उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** समीपवर्ती ग्राम ईटावा को ग्राम पंचायत तेज्या का बास में यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीण ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया हैं। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में पंचायत राजस्थान सरकार द्वारा नवसृजित ग्राम पंचायत गठित की जा रही है। इसी के अनुरूप गांव ईटावा को ग्राम पंचायत तेजा का बास से हटाकर नवसृजित पंचायत नोरंगपुरा में जोडा जा रहा है जो कतई गलत है तथा सभी मापदण्डों के अनुरूप नहीं है। क्योंकि हमारा गांव ईटावा की देवन्दा की ढाणी से नौरंगपुरा की दूरी करीब 6 कि.मी. है।

जबकि हमारा गांव ईटावा ग्राम पंचायत तेजा का बास 500 मीटर की दूरी पर है। जिससे ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत कार्यालय व अन्य कार्यालयों में आने जाने में सुविधा मिल सकेगी तथा राज्य सरकार का भी यह उद्देश्य है कि जहां आम जनता सुलभ व सुविधाजनक रूप से पहुंच सके उसी के अनुसार ग्राम पंचायतों का गठन किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है।

लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है।

हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 10 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड में सर विलियम स्टैनली को 1495 में मौत के घाट उतार दिया गया।
- ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो 1616 में मुगल शासक जहांगीर के दरबार अजमेर में आये।
- बेलग्रेड पर रूसी सैनिकों ने 1811 में कब्ज़ा किया।
- आस्ट्रिया, ब्रिटेन, रूस और प्रसिया ने 1817 में फ्रांस से अपनी फ़ौजें हटाने की घोषणा की।
- तीसरा तथा अंतिम युद्ध रामपुर में अंग्रेजों तथा मराठा के बीच 1818 में लड़ा गया।
- दक्षिण अमेरिकी क्रान्तिकारी साइमन बोलिवार 1828 में कोलंबिया के शासक बने।
- सिख और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच 1846 में सोबराऊं की जंग शुरू हुई।
- फर्नीनांड प्रथम ने 1848 में नया संविधान लागू किया।
- अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में 1879 में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया।
- रूस तथा जापान ने 1904 में युद्ध की घोषणा की।
- ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम तथा क्वीन मैरी 1912 में भारत से रवाना।
- ब्रिटेन में सैन्य भर्ती 1916 में शुरू हुआ।
- सोवियत नेता लियों ट्रोटस्की ने 1918 में रूस के प्रथम विश्व युद्ध से हटने की घोषणा की।
- महात्मा गांधी जी ने 1921 में काशी विद्यापीठ का उद्घाटन किया।
- ड्यूक आफ़ कनॉट ने 1921 में इंडिया गेट की नींव रखी।
- नयी दिल्ली 1931 में भारत की राजधानी बनी।
- जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने 1933 में मार्क्सवाद के समाप्त होने की घोषणा की।
- जापानी सैनिकों ने 1939 में हेनान द्वीप, चीन पर अधिकार कर लिया।
- नीदरलैंड्स रेडियो यूनियन की स्थापना 1947 में हुई।
- अमेरिका के सेंट लुईस में 1959 में हुए तूफान से लगभग 20 की मौत 265 घायल।
- ईटानगर को 1979 में अरुणाचल प्रदेश की राजधानी बनाया गया।
- खगोलविद राय पेंथर द्वारा 1981 में धूमकेतु की खोज।
- अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल से 1989 में परमाणु परीक्षण किया।
- अंडमान और निकोबार द्वीप 1992 से विदेशी पर्यटकों के लिए खुला।

## विशेष आलेख

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 परिणामों का निष्पक्ष विश्लेषण

**-भाजपा की जीत इस बात का संकेत है कि लोग बदलाव चाहते थे। आप को हार से सबक लेना होगा और कांग्रेस को खुद को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। आने वाले वर्षों में दिल्ली की राजनीति दिलचस्प मोड़ ले सकती है, जहां भाजपा को अपने वादों पर खरा उतरना होगा और विपक्षी दलों को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा।**



– संजय खाबिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकते हैं। इस चुनाव ने कई नए समीकरण गढ़े और कई पुराने मिथक तोड़े।

- **भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)**- 48 सीटें (पिछली बार- 8)
- **आप आदमी पार्टी** - 22 सीटें (पिछली बार- 62)
- **कांग्रेस**- 0 सीटें (पिछली बार- 0)
- **अन्य**- 0 सीटें

भाजपा ने जबरदस्त जीत दर्ज की है, जबकि आम आदमी पार्टी को भारी नुकसान हुआ। कांग्रेस की स्थिति जस की तस बनी रही और वह फिर से खाता खोलने में विफल रही।

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत के कारण

**चुनावी रणनीति और कैडर शक्ति :** भाजपा ने इस बार बेहद आक्रामक प्रचार अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने लगातार जनसभाएं कीं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की मजबूत उपस्थिति ने मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ दिया।

**स्थानीय मुद्दों पर फोकस :** भाजपा ने इस बार केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ-साथ दिल्ली के स्थानीय मुद्दों पर भी ध्यान दिया। झुग्गी पुनर्वास योजना, अवैध कॉलोनियों को नियमित करने और पानी व बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

**आप की एंटी-इनकंबेंसी (विरोधी लहर) :** तीन बार लगातार सत्ता में रहने के बाद आप सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ता गया था। पानी और सफाई जैसे वादों को पूरा न कर पाने की वजह से लोगों का भरोसा कम हुआ।

**हिंदू वोट बैंक का ध्रुवीकरण :** कई विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू मतदाता भाजपा के पक्ष में एकजुट हुए। राम मंदिर के मुद्दे और हिंदुत्व की राजनीति ने भाजपा को फायदा पहुंचाया।

### आप की हार के प्रमुख कारण

**केजरीवाल की गैर-मौजूदगी और नेतृत्व संकट :** चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनसे जुड़ी जांचों ने उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया। इस बार आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में आगे किया गया, लेकिन वह जनता का विश्वास नहीं जीत पाईं।

**बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं पर असंतोष :** आप का प्रमुख एजेंडा स्वास्थ्य, शिक्षा, और मुफ्त सुविधाएं था, लेकिन 2020 के बाद इन सेवाओं में गिरावट आई। मोहल्ला क्लीनिक और स्कूल सुधारों को लेकर असंतोष बढ़ता गया।

**गंभीर विपक्ष की भूमिका में विफलता :** आप ने केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार टकराव की राजनीति अपनाई, जिससे एक बड़ा वर्ग नाराज हुआ। मतदाताओं ने महसूस किया कि दिल्ली को एक मजबूत और स्थिर सरकार की जरूरत है, न कि टकराव वाली राजनीति की।

**कांग्रेस का लगातार शून्य पर रहना :** कांग्रेस एक बार फिर खाता नहीं खोल सकी। दिल्ली में शीला दीक्षित के बाद पार्टी लगातार कमजोर होती गई है। पार्टी का न तो कोई बड़ा चेहरा है और न ही कोई ठोस रणनीति। उसके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा अब आप और भाजपा में बंट चुका है।

### दिल्ली की राजनीति का नया समीकरण

**भाजपा को अब प्रदर्शन करना होगा :** भारी जीत के बाद भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अपने वादों को पूरा करने की होगी। दिल्ली में पूर्ण राज्य के मुद्दे को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच टकराव हमेशा बना रहता है, लेकिन अब भाजपा के पास बहुमत है, इसलिए जनता उम्मीद करेगी कि वह स्थायी समाधान निकाले।

**आप का भविष्य अधेंर में :** अगर आप को खुद को बचाना है, तो उसे आत्ममंथन करना होगा। पार्टी को अपनी रणनीति बदलनी होगी और अगले चुनावों के लिए नया नेतृत्व तैयार करना होगा।

**कांग्रेस के लिए पुनरुद्धार का सवाल :** अगर कांग्रेस को दिल्ली में वापसी करनी है, तो उसे नए सिरे से संगठन को मजबूत करना होगा। युवा नेताओं को आगे लाना होगा।

# गिग वर्कर्स को पेंशन- सरकार की एक बड़ी और नायाब पहल



– सुनील कुमार महला,

**वास्तव में, इन गिग वर्कर्स को पेंशन की यह सुविधा उनके ट्रांजेक्शन के साथ लिंक होगी। मतलब यह कि वे कितना काम करते हैं या डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कितनी जगहों पर सामान पहुंचाते हैं, इसके आधार पर ही उनके पेंशन के लिए योगदान की गणना होगी। जानकारी देना चाहूंगा कि ये गिग वर्कर्स ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाएं दे रही एग्रीगेटर कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे हैं।**

भारत सरकार 'गिग वर्कर्स' को एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से आय अर्जित करता है।दरअसल, देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स(असंगठित क्षेत्र के मजदूरों) के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा ईपीएफओ पेंशन स्कीम पर काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब बिना नौकरी, बिना वेतन या रोजाना सैलरी के केवल काम या ट्रांजैक्शन के आधार पर भुगतान पाने वाले डिलीवरी ब्वॉय, कूरियर ब्वॉय समेत देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स को अब पेंशन का फायदा मिलेगा।इसके लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उल्लेखनीय है कि अब तक इन वर्कर्स के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध नहीं था, लेकिन अब इन गिग वर्कर्स को पेंशन देने के लिए एग्रीगेटर कंपनियों से मिनिमम कॉन्ट्रीब्यूशन लिया जाएगा। इसके लिए उनके हर बिलिंग लेन-देन से दो या तीन प्रतिशत राशि पेंशन अंशदान के लिए इकट्ठा की जाएगी। जानकारी के अनुसार उन्हें (गिग वर्कर्स को) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर जारी किये जाएंगे। इसमें गिग वर्कर दो-तीन एग्रीगेटर कंपनियों के लिए किए काम करते हुए एक ही खाते में सबका पेंशन प्राप्त कर सकेगा। वास्तव में गिर वर्कर्स स्थाई कर्मचारी नहीं होते हैं और अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए इन्हें एक से ज्यादा ऑनलाइन प्लटेफॉर्म पर काम करना पड़ता है।ऐसे में सभी कंपनियों की बिलिंग में पेंशन अंशदान काटा जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण करने की सुविधा देने के साथ ही उन्हें पहचान पत्र देने की भी घोषणा की थी, सरकार का यह कदम काबिले-तारीफ है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर्स और दिहाड़ी मजदूर में अंतर होता है। गिग वर्कर्स की बात करें तो उनके मामले में किसी सेवा और प्रोडक्ट की बिक्री ई-पेमेंट के जरिए होती है। ई-पेमेंट होने के कारण किसी ट्रांजेक्शन को छिपाया नहीं जा सकता है।

वहीं दिहाड़ी मजदूर और प्रवासी को उनका पारिश्रमिक नकद या कैश के रूप में मिलता है। दिहाड़ी मजदूरों के सामने एक समस्या यह है कि उन्हें काम के लिए कभी कहीं तो कभी कहीं जाना पड़ता है। मसलन कभी कोई दिहाड़ी मजदूर निर्माण करता है तो कभी वह खेती में दिहाड़ी करता है तो कभी कल-कारखानों या कहीं अन्य स्थानों पर काम करता है। वास्तव में इन करोड़ों दिहाड़ी कामगारों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं है, क्यों कि इन्हें काम पाने के लिए इधर से उधर भटकना पड़ता है। वास्तव में यह बात कही जा सकती है कि आज हमारे देश में कैश पर काम करने वाले इन दिहाड़ी मजदूरों/कामगारों को कोई सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे मजदूर अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा जैसे राज्यों से आते हैं।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



हरि मोहन मीणा
(आई.ए.एस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हरिमोहन मीणा। 4 जुलाई सन 1968 में करौली जिले में जन्में हरि मोहन मीणा शुरू से ही जमीन से जुड़े हुए इंसान रहे हैं। बी.ए (इतिहास) राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य। एम.ए (सार्वजनिक प्रशासन) एम.ए (इतिहास) से शिक्षा ग्रहण कर राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन हुए और अपने गाँव का नाम रोशन किया। राजस्थान प्रशासन में विभिन्न पदों पर रहकर जनसेवा की है। आज प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान वित्त निगम राजस्थान, जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पर्व ये जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डीग। निदेशक, पब्लिक सर्विसेज एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव,जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान जयपुर। निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव एवं पंचायती राज (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) विभाग, राजस्थान जयपुर। निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झालावाड़। सचिवए खादी बोर्ड, जयपुर। संयुक्त शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग जयपुर। संयुक्त शासन सचिव, राजस्व विभाग, जयपुर। अतिरिक्त आयुक्त ।।। टीएडी (माडा) जयपुर। अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद् जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् सीकर। अतिरिक्त निदेशक शिशु समेकित बाल विकास सेवाऐं, जयपुर। नियंत्रक, स्टेट मोटर गैराज जयपुर। राजस्व अपीलीय प्राधिकारी, भरतपुर। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। उपमहानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक अलवर। कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर। एलएओ यूआईटी अलवर। क्षेत्रीय उपनिदेशक, आईसीडीएस एवं पदेन परियोजना निदेशक, जिला महिला देव एजेंसी, भरतपुर। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक भरतपुर। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद दौसा। क्षेत्रीय उप डीआईआर आईसीडीएस एवं पूर्व.बंदण परियोजना निदेशक, जिलाण्महिला देव एजेंसी, धौलपुर। उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ चूरू। उपखण्ड अधिकारी,डीग भरतपुर। उपखण्ड अधिकारी बाड़ी,धौलपुर। उपखण्ड अधिकारी, डूंगरपुर। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, नदबई भरतपुर। प्रबंध निदेशक, राजस्थान वित्तीय निगम, राजस्थान जयपुर। इसके अलावा इन पदों का अतिरिक्त पद संभाला इन्होंने जैसे आयुक्त एवं संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन विभाग, राजस्थान जयपुर। सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक बोर्ड, जयपुर सामाजिक नीति और शासन। उल्लेखनीय कार्यो के लिए सरकार द्वारा इनके सम्मान से नवाजा भी गया ऐसे में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफसोशल साइंसेज( टीआईएसएस) मुंबई व लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी द्वारा इन्हे सम्मान दिया गया। बेहद शानदार अधिकारी है हरिमोहन मीणा जमीन से जुडाव व ग्रामीण परिवेश में पले व बड़े हुए हरि मोहन मीणा इसलिए शायद हर पिड़ित की समस्या का निराकरण अंतिम छोर तक जाकर करने की मंशा है इनकी। टीम दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है। – रुपक शर्मा

## 2025_040 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 7 | 6 | |
| | 9 | 5 | | | | 2 | 8 | 4 |
| | 5 | | 1 | | | | | |
| | 7 | 1 | 6 | | 5 | 9 | 3 | |
| | | | 7 | | 2 | 4 | 1 | |
| 9 | | 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| | | | 9 | | 7 | 8 | | 2 |
| 5 | 2 | 7 | | | | | 9 | |

### Ans_2025_039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है। हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है, इसका ख्याल रखें। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

**मिथुन**
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी।

**कर्क**
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। अत्यधिक क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा। अन्य लोगों के साथ अनबन हो सकती है।

**सिंह**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

**कन्या**
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

**तुला**
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेग। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें।

**धनु**
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं।

**मकर**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा।

**कुंभ**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें। आपको विरोधियों पर विजय मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# थ्री फेज विद्युत लाइन का तार टूटा, खेत में काम कर रहे किसान की मौत

## क्रोधित परिजनों ने लगाया जाम, समझाइश पर साढ़े चार घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार थाना इलाके के परसीपुरा गांव में गत दिवस ट्रांसफॉर्मर का थ्री फेज बिजली का तार अचानक टूट गया। इसके चलते पास में कार्य कर रहे किसान रामअवतार 30 पुत्र धनजी गुर्जर निवासी परसीपुरा की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत निगम व पुलिस को सूचना दी। प्रशासन व निगम के अधिकारी नहीं पहुंचने व मांगें नहीं मानने पर गुस्साए परिजन व अन्य ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे 123 पर जाम लगा दिया। इस दौरान काफी देर समझाइश के बाद ग्रामीणों व परिजनों ने रास्ता खोला।

### मांगों को लेकर एक घंटे तक प्रदर्शन

ग्रामीण व परिजनों ने मृतक आश्रितों को सरकारी सहायता, विद्युत निगम की ओर से अनुदान देने, क्लेम की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन योजना, पालनहार योजना का लाभ दिलाने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की। मांगें नहीं मानने पर उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली में शव रखकर स्टेट हाइवे 123 पर स्थित शुक्ला तिराहे पर करीब घंटे भर प्रदर्शन किया। इससे हाइवे के दोनों ओर वाहनों की लबी कतार लग गई। ग्रामीण व परिजन मौके पर एसडीएम व विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों को बुला कर लिखित में मांगों को मानने का आश्वासन देने की बात पर अड़ गए। पुलिस व निगम के कनिष्ठ अभियंता के साथ करीब एक घंटे चली वार्ता में हल नहीं निकला। बाद में ग्रामीण शव को लेकर दोपहर करीब 12 बजे सीएचसी परिसर गए। जहां मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण लादूराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीएम दामोदर सिंह से दूरभाष पर बात कर मांगों के निराकरण के आश्वासन के बारें में बताया। तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए।

### अधिकारियों को करवा दिया अवगत

मृतक आश्रितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। निगम की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने के प्रयास किए जाएंगे।

**बनवारी मथुरिया, कनिष्ठ अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम खण्डार।**

# 13 संदिग्ध लोगों को किया गिरफ्तार

## चोरियों की रोकथाम को लेकर पुलिस अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र में बढ़ती चोरियों की वारदातों पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी के चलते विगत दिवस इधर-उधर टहलते 13 संदिग्ध लोगों को गिरतार किया है।

थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि चोरियों पर अंकुश लगाने को लेकर रात्रि में पैदल गश्त बढ़ाने के साथ ही, मोबाइल गश्त बढ़ाई गई है। ऐसे में क्षेत्र में संदिग्ध घूमते हुए गोविंद पुत्र हीरालाल व मुंगरेश पुत्र लाल सिंह निवासीगण भमनी थाना घुगरी जिला मंडला, मध्यप्रदेश, रोहित गौड पुत्र हंसराज निवासी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाना कोतवाली, जिला बांरा, अजीत कुमार पुत्र प्रेमचंद बैरवा निवासी ग्राम ऊन्दा, जिला बांरा, राजेश मीणा पुत्र मोहन सिंह मीणा निवासी सहजनपुर थाना श्रीमहावीरजी, जिला करौली, बंटी बुनकर पुत्र गोपाल निवासी बहलोड पुलिस थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण, यशवंत वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी जोलन्दा, सवाईमाधोपुर, मनीष मीणा पुत्र हरकेश मीणा निवासी खिरनी, सवाईमाधोपुर, निर्मल पुत्र बत्ती लाल मीणा निवासी नीदडदा, सवाईमाधोपुर, इंद्र कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी 17 नंबर जेडीए कॉलोनी पुलिस थाना विश्वकर्मा, जिला जयपुर, लक्की पुत्र विनोद कुमार निवासी विद्याधर नगर 17 नंबर जेडीए कॉलोनी, पुलिस थाना विश्वकर्मा जिला जयपुर शहर पश्चिम, सुनील पुत्र हीरालाल निवासी कैलाशपुरी आकेड़ा डूंगर और जयपुर तथा निजाम पुत्र अजीमुद्दीन निवासी सारसोप चौथ का बरवाड़ा को गिरफ्तार किया गया।

## जनप्रतिनिधि आपके द्वार

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं आधारभूत विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी : कन्हैयालाल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** ''जनप्रतिनिधि आपके द्वार'' के तहत जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र टोडारायसिंह के दौरे पर रहे। लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों को देर शाम तक दौरा कर ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना। साथ ही, पात्र लोगों को आवासीय पट्टे सौंपकर तथा कचरा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल शर्मा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामचंद्र गुर्जर समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान श्री चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याएं लिखकर दें, और उसमें अपना नाम व मोबाईल नंबर भी दर्ज करें, ताकि आपको आगामी 15 दिन में फोन से तथा लिखित में सूचना दी जा सकें। उन्होंने कहा कि विधि सम्मत कार्य किए जाएंगे। जलदाय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण नियत समय पर करें, तथा नहीं हो सकने वाले काम का कारण उसे लिखित में बताएं। पात्र लोगों को कार्यालय के चक्कर नहीं कटवाएं। ऐसे लापरवाह अधिकारियों व कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौधरी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं आधारभूत विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। ग्रामीण प्राथमिकता के आधार पर काम बताएं ताकि आगामी 4 साल में क्षेत्र का विकास चरणबद्ध रूप से किया जा सकें। उन्होंने कहा कि राजमहल, बोटूंदा, कंवरावास, सालग्यावास में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या के समाधान के लिए 21 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसे शीघ्र ही धरातल पर उतारा जाएगा। इस पर चारों ग्राम पंचायतों के लोगों ने जलदाय मंत्री का आभार जताया।

### गांव में स्वच्छता बनाएं रखने का किया आव्हान

जलदाय मंत्री ने थड़ोली, बोटूंदा समेत अन्य गांवों में कचरा पात्र गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि गांव में साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है। इससे हम कई बीमारियों से बचे रहते है।



**ग्रामीणों को आवासीय पट्टे सौंपे, शोकाकुल परिजनों को दी सांत्वना :** जलदाय मंत्री ने बोटूंदा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को आवासीय पट्टे सौंपे। वे थड़ोली ग्राम पंचायत में खेत में काम कर रही लाली देवी की करंट लगने से मौत होने पर उसके घर भी गए। जहां शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

**सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित :** जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जलदाय मंत्री चौधरी ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना, मां वाउचर योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, वंचित वर्ग के कल्याण के लिए सदैव साथ खड़ी है।

## डिस्प्ले बोर्ड की सुविधा नहीं, भटकते हैं रोगी व तीमारदार

# जिला अस्पताल : खोखले दावे, चिकित्सकों की नहीं मिलती जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रोगियों व आमजन की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ावा देने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन अधिकारियों व कार्मिकों की लापरवाही से मरीजों को जिला अस्पताल में सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि अस्पताल आने वाले मरीजों को चिकित्सकों तक की जानकारी नहीं मिल पाती। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में वर्तमान में 50 से अधिक चिकित्सक तैनात हैं, लेकिन विभिन्न मर्ज से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक की जानकारी नहीं मिल पाती। इसका एक प्रमुख कारण चिकित्सकों के कक्ष और उनके बारे में जानकारी नहीं होना है। ऐसे में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं मरीज जब अस्पताल आते हैं तो कई चिकित्सक नदारद रहते हैं।



### ढूंढने में ही बीत जाता है समय

जिला अस्पताल में ग्रामीण इलाकों में बेहतर चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव होने के कारण आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन उपचार के लिए आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से होने के कारण लोगों में जानकारी का अभाव भी रहताहै और जिला अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल पाने के कारण मरीजों का काफी समय तो अस्पताल में चिकित्सकों को ढूंढने में ही बीत जाता है।

**मिले जानकारी तो कम हो परेशानी :** दिल्ली, मुंबई आदि कई बड़े शहरों में अस्पतालों में चिकित्सक के ड्यूटी का समय और बैठने के स्थान के बारे में बार-बार माइक के माध्यम से अनाउंसमेंट की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में मरीजों व उनके परिजनों को समय पर चिकित्सक के बारे में सटीक जानकारी मिल जाती है, लेकिन जिला अस्पताल में ऐसे कोई प्रबंध नहीं है। ऐसे में उपचार के लिए आने वाले रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जिला अस्पताल में कौन-कौन चिकित्सक ड्यूटी पर हैं। इसका भी कोई चार्ट नहीं लगा हुआ है।

**इनका कहना :** हमारी ओर से इस संबंध में बोर्ड पर चार्ट लागने की व्यवस्था की गई है। ताकि लोगों को परेशानी ना हो।बोर्ड को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। फिर भी कोई समस्या है तो इसकी जानकारी नहीं है। व्यवस्थाओं में और सुधार किया जाएगा।

**पीएमओ, राजकीय सामान्य चिकित्सालय, सवाईमाधोपुर।**

## मोबाइल शॉप में चोरी, शटर और शीशा भी तोड़ा

# दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए के मोबाइल ले गए चोर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शहर के झिलाई रोड स्थित गोपी टावर में चोरों ने दो मोबाइल की दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने रात करीबन 2 बजे दुकान का शटर तोड़कर हथियार से शीशा फोड़ कर लाखों रुपए के मोबाइल की चोरी की। पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस दौरान रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम में दुकान का शटर टूटा देखकर दुकानदार को मोबाइल पर सूचना दी। सूचना पर दुकानदार मौके पर पहुंचा।सुबह स्नस्रुटीम भी मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए। दुकानदार संजय जैन ने बताया कि दुकान से 25 लाख से अधिक मूल्य के 2 दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी हुए है। चोरी की वारदात की विरोध में शहर के मोबाइल एसोसिएशन सहित व्यापार मंडलों ने अहिंसा सर्किल पर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन कर रोड जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की। मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बाबूलाल जांगिड़ को मामले में त्वरित कार्रवाई कर खुलासा करने की मांग की गई। इस दौरान महेंद्र जैन, मनीष जैन, त्रिलोक जैन रजवास,सुरेंद्र जैन, विकाश जैन,हीरू रामचनदानी, सहित कई मोबाइल विक्रेता मौजूद रहे।

# विद्यालय विकास के लिए आगे आए पूर्व छात्र : शंकरलाल हाथीवाल

## पीएमश्री स्कूल राहोली में पूर्व छात्र स्नेह मिलन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में पूर्व छात्र स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। पूर्व छात्र स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र समाजसेवी सेवानिवृत्त लेखाधिकारी शंकर लाल हाथीवाल,विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र एटीओ निवाई जयनारायण बैरवा,पूर्व छात्र बीसीएमओ निवाई डॉ.पवन कुमार हाथीवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निवाई मन्जू मीना ने की। मुख्य अतिथि शंकर लाल हाथीवाल ने विद्यालय के शैक्षणिक नवाचारों की सराहना करते हुए पूर्व छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी पूर्व छात्रों को विद्यालय विकास में अपना योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जयनारायण बैरवा ने शिक्षा व शिक्षक का महत्व बताते हुए पूर्व छात्रों को विद्यालय विकास के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य व पीईईओ डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालय समय को याद किया तथा अपने साथियों से मिलकर पुरानी यादे तरो-ताजा की। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने विद्यालय के बदले परिवेश व नवाचारों की सराहना की। पूर्व छात्र स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम प्रभारी पूर्व छात्र व शिक्षक प्रेमचन्द बैरवा ने बताया की सभी पूर्व छात्रों ने विद्यालय विकास के लिए यथा संभव सहयोग का वादा किया। इस अवसर पर विद्यालय विकास में सहयोग कर रहे पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र शंकर लाल हाथीवाल, जयनारायण बैरवा,डॉ. पवन कुमार हाथीवाल, कन्हैयालाल चावला,शरद सत्येंद्र शर्मा, सावरलाल बैरवा, जयनारायण मीना,भँवर लाल बैरवा, कजोड़मल अटल, अम्बालाल हाथीवाल, गोविंद हाथीवाल आदि उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य व पीईईओ डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ बीसीएमओ डॉ. पवन कुमार हाथीवाल, डॉ.मुकेश सामोता,डॉ.नीलम बरूना,डॉ.नितिन सैनी,कैलाश चन्द मीना,राजेश सिंह बैरवा, आशा सबनानी, कोमल शर्मा व विशाल सैनी ने बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग जांच की तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थियों को चिकित्सकीय सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच प्रभारी ऋषिराज चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता ,नारा लेखन व रैली का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# मानटाउन थाना पुलिस की कार्रवाई, डिग्गी से दो लाख रुपए चुराने वाला आरोपी दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मानटाउन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल की डिग्गी से दो लाख रुपए चुराने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी दिलीप उर्फ टोनी पुत्र बाबूलाल निवासी बैरवा मोहल्ला आलनपुर है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को सब्जी मण्डी बजरिया के पास से परिवादी भजनलाल पुत्र बंशीलाल गुर्जर निवासी भढेरडा की मोटरसाइकिल की डिग्गी से 2 लाख रुपए चोरी हो गए।

आरोपी रोमिल सुनील वर्मा निवासी कृष्णा अपार्टमेन्ट लोकमान्य नगर पाडा जिला ठाणे महाराष्ट्र हाल बजाज शोरुम के पीछे पटेल नगर को 23 जनवरी को गिरतार कर एक लाख सत्तर हजार रुपए बरामद किए थे। घटना में दिलीप उर्फ टोनी भी आरोपी के साथ था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे शनिवार को रेलवे स्टेशन के पास से गिरतार किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी हत्या, हत्या का प्रयास, नकबजनी, गंभीर मारपीट, छेड़छाड़, चोरी आदि के 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। वहीं कोतवाली थाना पुलिस के हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा भी अपर सैशन न्यायाधीश ने सुनाई थी।

### 18 दिन पहले डिग्गी से गायब हुई थी रकम

पुलिस के अनुसार गत 22 जनवरी को परिवादी भजनलाल ने भारतीय स्टेट बैंक से दो लाख रुपए निकलवाकर मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखे थे। इसके बाद वह बजरिया सब्जी मण्डी के पास ठेके से शराब लेने गया था।

लौटने पर डिग्गी से दो लाख रुपए गायब मिले। घटना के बाद पीड़ित ने मानटाउन थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए डिग्गी से चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा था। वहीं प्रकरण में आरोपी दिलीप उर्फ टोनी पिछले फरार चल रहा था।

## खेती-बाड़ी के साथ-साथ मछली पालन से आएगी संपन्नता

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से समृद्ध हो रहे किसान, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प-2047 को साकार करने एवं किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाय) के तहत प्रदेश के किसान समृद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में लगातार मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रही है। इससे किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। इस योजना के तहत मछली पालन को एक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए सरकार आर्थिक सहायता और आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहित कर रही है। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति योजना के तहत अनुदान लाभ के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश में कृषि और पशुपालन प्रमुख व्यवसाय हैं। लेकिन, अब मत्स्य पालन एक नए और फायदे वाले व्यवसाय के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य के जलाशयों, नहरों, तालाबों और कृत्रिम जल स्त्रोतों के माध्यम से मछली पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और नई तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है, जिससे वे कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकें।

**क्या है प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना :** जिला मत्स्य विकास अधिकारी मेघचंद मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाय) को वर्ष-2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य भारत में मत्स्य उत्पादन, मछुआरों कृषकों की आय और मछली उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना है। प्रदेश में योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को मत्स्य पालन गतिविधियों के लिए विभाग द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

राज्य सरकार भी इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से विभिन्न कदम उठा रही है। विभिन्न जिलों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए तालाब निर्माण, जैव फ्लॉक तकनीक, रिसर्कुलेटिंग एक्काकल्चर सिस्टम (आरएएस) जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया जा रहा है।

**योजना के तहत मिलने वाले लाभ :** जिला मत्स्य विकास अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए मछुआरा समुदाय, मत्स्य पालक, मछली विक्रेता, स्वयं सहायता समूह, मत्स्य सहकारी समितियां, निजी फर्म, फिश फार्मर प्रोड्यूसर संगठन कंपनियां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग एवं महिलाएं आवेदन कर सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सामान्य वर्ग के लोगों को इकाई लागत का अधिकतम 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला लाभार्थियों को इकाई लागत का अधिकतम 60 प्रतिशत अनुदान राशि डी.बी.टी. के माध्यम से देय होगी। लाभार्थी को शेष राशि की व्यवस्था स्वयं के स्तर से अथवा बैंक ऋण लेकर करनी होगी। लाभार्थी को देय अनुदान राशि दो या तीन किस्तों में दी जाएगी। आवेदन ई-मित्र अथवा स्वयं के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकते है।



### अलवर टाइगर मैराथन उत्साह एवं उमंग के साथ दौड़े हजारों एथलीट

# केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया मैराथन का शुभारंभ एवं विजेता एथलीट्स को मेडल के साथ इनामी राशि से किया पुरस्कृत

बढ़ता राजस्थान







**अलवर ( का.स. )।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया हिट इंडिया से अभिप्रेरित होकर अलवर सांसद खेल उत्सव अलवर का आयोजन कराया गया जिसके अन्तर्गत रविवार को अलवर टाइगर मैराथन का प्रताप ऑडिटोरियम से झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अलवर टाइगर मैराथन के अंतर्गत आयोजित 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर मैराथन, 5 किलोमीटर शक्ति रन एवं 2 किलोमीटर पैरा मैराथन में उत्साह एवं उमंग के साथ हजारों की संख्या में अलवर जिले सहित देशभर के प्रसिद्ध धावकों ने हिस्सा लिया। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्राी स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवन्त सिंह, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, मेजर श्री डी.पी.सिंह, ब्रिग्रेडियर मिलिंद व्यास, बिग्रेडियर आदित्य कनवाल, एसएसबी के डीआईजी संजीव यादव, आईटीबीपी के डीआईजी संजय कोठारी, पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन, पुलिस अधीक्षक भिवाडी ज्येष्ठा मैत्री, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष चौधरी व अन्य प्रबुध व्यक्तियों ने मैराथन में विभिन्न श्रेणियां में विजेता एथलीटों को मेडल के साथ नगद सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया हिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाते हुए अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन जिले भर में कराया गया। जिले के सभी क्षेत्रों से बडी संख्या में युवाओं व जिले के नागरिकों में अपनी भागीदारी इस आयोजन में निभाई। इस आयोजन का उदेश्य स्वस्थ अलवर स्वच्छ के साथ अलवर को पर्यटन व खेल के क्षेत्र में विश्व पटल पर लाना है। उन्होंने अलवर अलवर सांसद खेल उत्सव के भव्य समापन के अवसर पर अलवर टाइगर मैराथन के सफल आयोजन के लिए मैराथन में देशभर से पधारे बेहतरीन एथलेटिक्सए पैरामिलिट्री व पुलिस फर्सए कॉर्पोरेटए जिला प्रशासनए दिव्यांगजन व जिले के सुदूर गांव से लेकर शहर तक के वासियों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आठों विधानसभा क्षेत्र में हजारों खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया था, वहीं प्रति विधानसभा स्तर पर खेल उत्सव में लगभग 10 हजार सक्रिय लोग भागीदार बने है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित खेलों की फाइनल प्रतियोगिताओं में लगभग 1800 प्रतिभागी सम्मिलित हुए तथा 7 फरवरी को माउंट लिटरा जी स्कूल में आयोजित क्रिकेट फाइनल प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि केंद्रीय खेल एवं युवा मामलात राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने शिरकत कर विजेता टीमों का उत्साहवर्धन करए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अतुल्य भारत की तर्ज पर स्वच्छता के लिए अतुल्य अलवर के रूप में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

यादव ने कहा कि अलवर के ऐतिहासिक स्थल जहां पर स्वामी विवेकानंद जी आकर ठहरे थे, उसे सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर द्वारा दी गई 30 लाख रुपए की राशि से एवं वी. शक्ति ट्रस्ट द्वारा भी दिए गए 30 लाख रुपए के योगदान से ई–लाइब्रेरी सहित आधुनिक रूप से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार हम सभी मिलकर स्वच्छ अलवरए फिट अलवर एवं ई–लाइब्रेरी की सुविधा युक्त अलवर बनाएंगे।

**अलवर टाइगर मैराथन में ये रहें अव्वल-किया पुरस्कृत :** अलवर टाइगर मैराथन के अंतर्गत 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एथलीट पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे कालिदास लक्ष्मण को मेडल के साथ 2 लाख रूपए का चैक, द्वितीय स्थान पर रहे शेर सिंह को मेडल के साथ 1लाख 25 हजार रूपए का चैक, तृतीय स्थान पर रहे हेमत सिंह को मेडल के साथ 75 हजार रुपए का चैक, चतुर्थ स्थान पर एल चंगदेव एच को मेडल के साथ 60 हजार रुपए का चैकए पंचम स्थान पर रहे सुनील यादव को मेडल के साथ 40 हजार रुपए का चैक एवं छठे से 20 वे स्थान तक रहे विजेताओं को मेडल के साथ 10 हजार रुपए का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एलीट महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रही नीतू कुमारी को मेडल के साथ 2 लाख रूपए का चैक, द्वितीय स्थान पर रही चत्रु को मेडल के साथ 1लाख 25 हजार रूपए का चैक, तृतीय स्थान पर रही रीमा पटेल को मेडल के साथ 75 हजार रुपए का चैक, चतुर्थ स्थान पर रही अंजलि देवी को मेडल के साथ 60 हजार रुपए का चैक, पंचम स्थान पर रही मीना चौधरी को मेडल के साथ 40 हजार रुपए का चैक एवं छठे से 20 वे स्थान तक रही विजेताओं को मेडल के साथ 10 हजार रुपए का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा सेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड् रिसर्च फाउण्डेशन,अलवर द्वारा लुपिन समूह के फाउन्डर डॉ. देशबंधु गुप्ता की जयन्ती को सेवा दिवस के रूप में मनाया और जिले में विभिन्न जनहित के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेवा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ ल्यूपिन फाउंडेशन की सीएसआर हेड तुषारा शंकर और अन्य अतिथियों द्वारा डा. देशबन्धु गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसी क्रम पृथ्वीपुरा मालाखेड़ा में फील्ड–डे आयोजित हुआ जिसमें किसानों को खेती में उन्नत तरीकों को अपनाने पर बल दिया साथ ही संस्था द्वारा किसानों 500 किसानों को वेजिटेबल क्रेटस ए 113 किसानों को ड्रिप और 202 किसानों को रेन पाइपए20 किसानों को सिंचाई हेतु स्प्रिंकलर उपलब्ध कराये। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुढा चुरानी, थानागाजी में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 72 मरीजों की जांच कर उपचार किया व दवाइयां उपलब्ध करवाई गई तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर एनसीडी कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ बनाने हेतु 08 स्पिरोमेट्री और 08 ईसीजी उपकरण के साथ.साथ 13 सैमसंग टेबलेट भी उपलब्ध करवाए गए। शिविर में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. महेश बैरवा द्वारा ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि संस्था द्वारा जो कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं उनसे निश्चित रूप से एनसीडी स्वास्थ्य सेवाओं को बल मिलेगा। सेवा दिवस के अवसर पर ल्यूपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन के वैशाली नगर अलवर में नये कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया और साथ ही संस्था द्वारा वैशाली नगर स्थित अपनाघर महिला आश्रम में सेवायें दी। कार्यक्रमों में ल्यूपिन सीएसआर हेड तुषारा शंकर, आजीविका विकास कार्यक्रम के हेड योगेश राउत, स्वास्थ्य कार्यक्रम हेड डा. नचिकेत सुले, राजस्थान स्टेट हैड् वेद प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक अनिल गुप्ता, जिला प्रअंधक स्वास्थ्य कार्यक्रम रवि दाधीच, राजेश कुमार, दीपक महाजन, महावीर शर्मा, लखीराम प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली विधानसभा के चुनाव में बीजेपी को मिली बंपर जीत

- पर्दे के पीछे का हीरो रहे कोटपूतली निवासी एवं दिल्ली प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल
- मित्तल द्वारा चलाया गया दिल्ली झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान की सफलता रंग लेकर आई

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली ( बिल्लूराम सैनी )।** 27 साल बाद एक बार फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। ऐसे में बीजेपी का हर एक कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहा है। दिल्ली चुनाव में इतना बड़ा उलटफेर होगा, इसका किसी को अंदाजा नहीं था। बीजेपी की इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य दिग्गज नेताओं को जाता है।

लेकिन इस जीत के पीछे कई ऐसे शख्स भी है, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर दिल्ली की सत्ता में भाजपा को लाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उनमें से एक नाम है दिल्ली प्रदेश के महामंत्री विष्णु मित्तल। जिन्होंने दिल्ली चुनावो से काफी समय पहले से ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली की झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों के बीच दिन–रात रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और केजरीवाल के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामी उजागर करके दिल्ली वासियों को भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए ना केवल प्रेरित किया बल्कि पार्टी की जीत जाने के बाद उनके लिए हर वक्त साथ रहने का विश्वास भी दिलाया। इस कारण दिल्ली की अनेक झुग्गी बस्ती के लोग उनके साथ जुड़ते चले गए। जिसके चलते उनके द्वारा एक बड़ा वोट बैंक बीजेपी के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार कर लिया गया। मित्तल ने बताया कि दिल्ली की 55 विधानसभाओ के 900 से अधिक बूथों पर झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान चलाया गया। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार मेला लगाया गया। इससे दिल्ली की जनता का पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा। जिसका परिणाम चुनावो में पार्टी की बंपर जीत के रूप में देखने को मिला।

### कोटपूतली निवासी हैं विष्णु मित्तल

दिल्ली प्रदेश के महामंत्री विष्णु मित्तल मूल रूप से कोटपूतली के ग्राम सुदरपुरा के रहने वाले हैं। सामाजिक कार्यों के साथ–साथ भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। पार्टी के वफादार एवं इमानदार पदाधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले मित्तल को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इससे पूर्व दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया जा चुका हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले इन्होंने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों से सीधा संवाद एवं जुड़ाव किया। दिल्ली की झुग्गी बस्ती के लोगों के घर–घर जाकर केजरीवाल के घोटालो, झूठे वादों और उसकी नाकामी का प्रचार करके वहां के लोगों को बीजेपी के पक्ष में जोड़ने का काम किया था। जिसका असर यह हुआ कि दिल्ली विधानसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत में इनकी बड़ी अहम भूमिका रही। पार्टी की जीत पर विष्णु मित्तल ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती है।

## केंद्रिय पर्यवरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्री ने 21 परिवारों को मौके पर भूमि जमाबंदी का वितरण कर दिए गैर-खातेदारी अधिकार

### विस्थापित परिवारों की 6 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त, सरिस्का बाघ परियोजना विस्थापनः परिवारों को मिला नया जीवन

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल /अलवर/।** सरिस्का बाघ परियोजना के अंतर्गत विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं विकास के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी तथा प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ऐतिहासिक कार्य पूरा हुआ। सर्वप्रथम ग्राम कांकवाडी के 8 परिवारो के विस्थापन की कार्यवाही की गई तथा इसके उपरांत सुकोला के 24, पानीढाल के 24, हरिपुरा के 9, डाबली के 14 एव लोज के 99 परिवारो कुल 178 परिवारो को कुल 178 परिवारों को 350 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि पर पुनर्वास किया गया। विस्थापित परिवारों को 60×90 फीट( 600 वर्ग गज) के आवासीय भूखंड और 6 बीघा कृषि भूमि आवंटित की गई। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रूंध तिजारा में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित परिवारों को संबोधित किया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विस्थापन प्रक्रिया को सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए इसे सामाजिक और पर्यावरणीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। विस्थापित परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालय निर्माण हेतु केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने स्कूल में दो नए कमरे संसदीय कोष से बनवाने की घोषणा की तथा दो कमरों का प्रस्ताव सरकार को भेजने के लिए निर्देशित किया एवं एक कमरा पूर्व सभापति नगर परिषद भिवाड़ी संदीप दायमा ने बनाए जाने की घोषणा की। राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सरिस्का क्षेत्र राष्ट्रीय नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़े इस हेतु तत्परता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरिस्का में वर्तमान में कुल 42 बाघ/बाघिन है। उन्होंने कहा कि गैर खातेदारी अधिकार मिलने पर सभी परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि विस्थापन स्थल पर दो आवासीय कॉलोनियां विकसित की गई। पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल का निर्माण और बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए।

प्रत्येक घर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकी बनाई गई। आवासीय कॉलोनियों में ग्रेवल सड़कें और कृषि भूखंडों तक पहुँच के लिए रास्ते बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वन भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में शामिल होने से विस्थापित परिवार अब कृषि ऋण, पीएम आवास योजना, किसान सम्मन निधि योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। लगभग छह वर्षों के बाद विस्थापित परिवारों को उनके आवंटित भूमी का आधिकारिक अधिकार मिला। यह पहल सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विस्थापित परिवारों का जीवनस्तर बेहतर होगा।

## गृहमंत्री के बानसूर आगमन पर कांग्रेसियों ने किया भव्य सम्मान

### कांग्रेसी और भाजपा आए एक साथ नजर, कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने गोकुलवाटिका में किया सम्मान तो भाजपाईयों ने सुभाष सर्किल पर



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के बानसूर आगमन पर कांग्रेसी और भाजपाई एक साथ नजर आए। जब कांग्रेस और भाजपा एक सिक्के दो पहलु हैं तो आमजन और कार्यकर्त्ता क्यों बेवकूफ नजर आ रहे हैं। कोटपूतली से निकलते ही कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने सम्मान किया तो बानसूर के सुभाष सर्किल पर भाजपाईयों ने सम्मान किया। इस मौके पर देखा गया कि कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री रही शकुंतला रावत और भाजपा सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एक ही कार में यात्रा कर रहे थे। कांग्रेसीयों के खेमे पर दोनों का स्वागत सत्कार हुआ तो भाजपा के खेमे पर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत गाड़ी में ही बैठी नजर आई। इस मौके पर बेढम ने दिल्ली के मतदाताओं को और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यकुशलता को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सेवानिवृत सुबेदार मेजर जगदीश सूद, सुबेदार राजसिंह गुर्जर, डॉ शशिकांत बोहरा, राखी गुप्ता, हेमलता सिसोदिया, एडवोकेट विकास जोशी, नरेन्द्र चौधरी, संकेत लाटा, नवीन यादव, रघुवीर चौधरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, महेश कटारिया, मंगलराम सैनी, अनील सिंहल, बबलू बाल्मीकि, मुकेश सुरेला, योगेश सोनी, आईटी सैल के विजय कुमावत, मनोज यादव, समाजसेवी निरंजन लाल ठेकेदार, भाजपा नेता और चेयरमैन प्रतिनिधि सज्जन मिश्रा, देवेन्द्र प्रजापत, राजेश सिंहल, सुरेन्द्र यादव, अमरसिंह यादव सहित अनेक भाजपाई तथा गोकुल होटल पर कांग्रेस नेता सीताराम चंदेला,साँवत चंदेला, पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, रोशनलाल सैनी सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## राजकीय विधालय में माँ सरस्वती की मूर्ति अनावरण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपुतली के ग्राम पंचायत बसई के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय पेजुका में माँ सरस्वती की मूर्ति अनावरण समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। समारोह में विराटनगर विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ एवं कोटपूतली विधायक प्रतिनिधि करण पटेल ने शिरकत की। इस मौके पर अतिथियों ने फीता काटकर माँ सरस्वती मंदिर का उद्घाटन किया। संस्था प्रधान योगेश सुरेलिया ने बताया कि भामाशाह भागीरथ मीणा द्वारा विधालय में एक लाख रूपये की लागत से सरस्वती माता मंदिर का निर्माण एवं मूर्ति स्थापित की गई है। ग्रामीणों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से एड. मनोज चौधरी ने विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ एवं करण पटेल व भामाशाह भागीरथ मीणा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सीबीईओ भागीरथ मीणा, स्काउट गाइड प्रधान मनोज चौधरी, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, आशीष यादव, योगेश सुरेलिया, अमरसिंह मीणा, गौरव शेखावत, धोलूराम भरगड़, नरेंद्र यादव, करण सिंह चौधरी, देशराज आर्य, नरेश यादव, ओम प्रकाश मीणा, रोहिताश मीणा, भजनलाल गुर्जर, सतवीर मीना, नवजीत मीणा, किरण, एकता, संजय यादव, विक्की थालोड़, पंकज चौधरी, महिपाल, हुकुम सराधना, छीतर पंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# बस -ट्रक भिड़ंत में एक घायल

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कोटा में रविवार को धाकड़ समाज के खुले अधिवेशन मे समाजबंधुओं को लेके जा रही एक बस एनएच 148 डी पर जजावर से रोनीजा के बीच आगे चल रहे एक ट्रक से भिड़ जाने से बस में आगे की साइड बैठा एक जना घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोटा मे आयोजित धाकड़ समाज के कार्यक्रम मे आज नैनवां साइड से समाज के लोगों की कई बसें कोटा जा रही थी इन बसो मे से एक बस एनएच 148 डी पर बस के आगे चल रहे एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से भिड गई जिसमें सभी लोग सुरक्षित बच गए लेकिन बस में आगे की साइड बेठे किशनलाल पुत्र जगदीश धाकड़ घायल हो गया। बाद मे एक अन्य बस से सभी यात्री कोटा गए एवं घायल को भी कोटा उपचार के लिये भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि यह बस सातखालिया (मानपुरा) साइड से समाजबंधुओं को लेके जा रही थी।

# नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में कपासन के लेखक रवि चंद्रन की 'पेरेंटिंग विद पर्पस' पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** विश्व पुस्तक मेला 2025 का भारत मंडपम नई दिल्ली में भव्य आयोजन किया गया।जिसमे दुनियाभर के लेखक,प्रकाशक,साहित्य प्रेमीयो द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।उक्त विश्व पुस्तक मेले में विशेष पल आया जब लेखक रवि चंद्रन द्वारा स्वयं की नवीन पुस्तक पेरेंटिंग विद पर्पस का विमोचन कर स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. बिष्वरूप रॉय चौधरी को भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले में नगर पालिका कपासन निवासी लेखक रवि चंद्रन ने अपने कार्य को दर्शाते हुवे कहाकि पेरेंटिंग विद पर्पस केवल एक किताब नहीं है।यह उन अभिभावकों हेतु एक मार्गदर्शिका है।जो बच्चों की पूरी क्षमता को पहचानने में मदद करना चाहते हैं।साथ ही उक्त पुस्तक जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझाते हुवे माता-पिता को अपने बच्चों की परवरिश करने में उद्देश्य एवं उचित दृष्टिकोण देने का प्रयास करती है। इधर स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. बिश्वरूप रॉय चौधरी ने पुस्तक की सराहना करते हुवे कहाकी आजकल की गतिमान दुनिया में बच्चों के सही मार्गदर्शन की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा महसूस हो रही है। यह पुस्तक निश्चित रूप से माता-पिता को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करेगी तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार होगी। इस मौके पर लेखक रवि चंद्रन ने कहाकि डॉ. बिश्वरूप रॉय चौधरी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन मिलना अद्वितीय अनुभव रहा।यह आयोजन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अवसर रहा।साथ ही विश्व पुस्तक मेला 2025 के भव्य आयोजन में पेरेंटिंग विद पर्पस जैसी पुस्तकों के माध्यम से माता-पिता को सकारात्मक तरीके से जोड़ने का एक आदर्श मंच साबित बना है।

उक्त पुस्तक में बच्चों की परवरिश को उद्देश्यपूर्ण एवं प्रभावशाली बनाने के लिए जरूरी टिप्स व रणनीतियाँ दी गयी हैं।जो निश्चित रूप से पाठकों के दिलों को छूने में सक्षम हैं।

# सीएम बोले : मैंने कहा था कि कांग्रेस जीरो से आगे नहीं बढ़ पाएगी, दिल्ली का चुनाव परिणाम देख लीजिए

## धाकड़ समाज के अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए सीएम ने कहा-इनसे मेरा गहरा नाता, मैं ब्रज का सखा हूं





बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- मैंने दो दिन पहले विधानसभा में कहा था कि कांग्रेस जीरो से आगे नही बढ़ पाएगी। दिल्ली चुनाव परिणाम देख लीजिए, कांग्रेस जीरो से आगे नहीं बढ़ी है। उन्होंने कहा- धाकड़ समाज से मेरा गहरा नाता है। आप धरणीधर भगवान को मानने वाले हो और मैं ब्रज का लोठा का सखा हूं। धाकड़ समाज के लोग किसान हैं और भगवान धरणीधर भगवान के हाथ में भी हल है। मुख्यमंत्री यहां रविवार को दशहरा मैदान में आयोजित धाकड़ समाज के दो दिवसीय अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए आगे कहा कि भाजपा सरकार मजदूर, किसान, युवा और महिलाओं का कल्याण कर रही है। इन सब के साथ कांग्रेस के शासन में अन्याय हुआ था। मुख्यमंत्री ने धाकड़ समाज को जयपुर में छात्रावास के लिए जमीन देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे।

### धाकड़ समाज धरती पुत्र : ऊर्जा मंत्री नागर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि, धाकड़ समाज धरती पुत्र है। हमेशा से जमीन का सीना चीर कर खेती करता है। मुख्यमंत्री भी किसान हैं। उन्होंने खुद का जिक्र करते हुए कहा कि धाकड़ समाज के बेटे को ऊर्जा मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि किसानों को लगातार बिजली मिले। आज मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ की लागत के धरणीधर भवन का लोकार्पण किया है।

नागर ने कहा-हमारे समाज के लोग शिक्षा में आगे बढ़ रहे हैं। जिस तरह से मीणा समाज को 100 बीघा जमीन कोटा में बीते शासन में दी गई है, हमारे समाज को भी मिलनी चाहिए, ताकि हम भी एक एजुकेशनल इंस्टिट्यूट खड़ा कर सकें। इससे समाज को के साथ-साथ पूरे हाड़ोती को फायदा होगा।

### कांग्रेस ने कृषक कल्याण योजनाओं को अटकाने का काम किया

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने केन्द्र सरकार की कृषक कल्याण योजनाओं को अटकाने का काम किया था। अब हमने किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को भी जोड़ा है। चुनावों के समय लाए संकल्प पत्र के 50 फीसदी वादे पूरे कर चुके हैं।

वह आगे बोले : युवा और बेरोजगारों से जो वादे किए थे, वह पूरे किए हैं। मेरे पास बहुत बड़ी सूची है। हमने नई भर्तियां निकाली हैं, युवा तैयारी करें। अब समय पर परीक्षा होगी और पेपर कहीं भी लीक नहीं होगा। हमारे 1 साल के शासन में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। मैं युवाओं को, किसान और मजदूर के बच्चों को कहना चाहता हूं कि वे तैयारी करें, समय से विज्ञप्ति निकलेगी, पेपर होगा, रिजल्ट आएगा और नियुक्ति पत्र भी समय से मिलेगा। हमारा लक्ष्य 6 लाख युवाओं को रोजगार देने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा : मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित है। 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलने लगेगी और उद्योगों को पर्याप्त आपूर्ति भी होगी।

### वैज्ञानिक खेती करता है धाकड़ समाज : बिरला

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि धाकड़ समाज वैज्ञानिक और इनोवेशन की खेती करने के लिए जाना जाता है। जिस गांव में धाकड़ समाज के लोग खेती करते हैं,अन्य लोगों को भी सिखाते हैं और प्रेरणा देते हैं।

## फसल खराबे की मुआवजा राशि में घोटाला, पिड़ावा तहसील का मामला

# आधार किसका ,बैंक खाता किसका, किसके खाते में हुई राशि जमा

## आधा दर्जन पटवारी, तहसील दार सहित बाबू व दलाल संदेश के घेरे में

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** झालावाड़ जिले में भ्रष्टाचार ज्वाला मूखी बन गया है, हर कोई के बीच इस बात की जंग है कौन किसको कितना लूटने में सफल होता है, विगत तीस सालों में किसी जनप्रतिनिधियों ने जनहित में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच करवाना तो दूर जांच के आदेश देना भी मुनासिब नहीं समझा। बल्कि सरकारी राशी , गबन की राशि की अभी तक वसुलने के स्थान पर भ्रष्ट अधिकारियों को प्रमोशन दे कर जिले की जनता का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मामला है पूर्व मुख्यमंत्री व क्षैत्रिय विधायक वसुंधरा राजे सिंधिया के निर्वाचन क्षेत्र तहसील पिड़ावा की ग्राम पंचायत कोटड़ी, रमायदलपत, नौलाई , गोविंदपुरा, ढाबला भोज, हरनावदा गजा,सरखेडी,राम पुरिया , शेरपुर,व ढोला का जिसमें खांरपाकला, ढाबला भोज, रामपुरिया सम्मेद खेड़ा आदि पटवार घर आते हैं। जागरूक किसानों ने जो बताया वो चौकाने वाला मामला है।जिसकी जानकारी झालावाड़ के तत्कालीन जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से भी है ,लेकिन इस प्रकरण के घोटाले की जांच आज दिन तक नहीं हुई न ही पिड़ित ग्रामीणों को न्याय मिला । मामला गंभीर भी है और उच्च स्तरीय जांच का भी है ग्रामीणो ने बताया कि संवत 2076-77,77-78, के दौरान रबी व खरीब की फसल के खराबे की मुआवजा राशि प्राकृतिक आपदा से पिड़ित कृषकों को मिलनी थी। किसी को मिली किसी को नहीं मिली सरकारी रिकॉर्ड में सभी किसानों को मुआवजा राशि होकर सरकारी आदेश की पालना हो गयी । मामला जब सामने आया कि कई किसानों को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई तो कुछ जागरूक लोगों ने पड़ताल की बाद में पता चला भ्रष्टतंत्र के भ्रष्टाचारियों ने अलग-अलग लोगों के आधार कार्ड लेकर उनके खाते में बैंक खाते में राशि जमा कर निकाल ली जबकि मुआवजा राशि जयपुर से स्वीकृत होकर ट्रेजरी के जरिए सीधे पिडित किसानों के खाते में जमा होते हैं। यह गड़बड़ कहा कैसे हुई, किसने की कौन-कौन लोग इस घोटाले में शामिल हैं, इसकी उच्च स्तरीय जांच होती है तो निश्चित रूप से बड़ा स्कैम सामने आने की उम्मीद है। सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार इस मामले में बड़े स्तर पर बंदरबांट भी होने की बात भी सामने आयी मामला ऐसे लोगों की पकड़ में भी था जब ओपन होने लगा तो साईकिल से सीधे फोर व्हीलर पर आ गये। खैर जांच होगी तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।



### इनका कहना

सभी किसानों को मुआवजा मिल गया था। उस समय कई आयडिया हैक हो गई थी मेरा लैपटॉप भी चोरी हो गया था।

**रोड मल गुर्जर,तत्कालीन पटवारी**

उस समय मेरा ट्रांसफर हो गया था मैंने रविन्द्र जी को चार्ज दे दिया था आई डी हैक नहीं हुई थी सभी किसानों को मुआवजा मिला था।

**अकिल खान, तत्कालीन पटवारी।**

# डोलिया गांव में जंगली पशु का आतंक, दो गायों को मार डाला

## परेशान ग्रामीण मंत्री मदन दिलावर के पास गुहार लेकर पहुंचे डीसीएफ ने कहा रेंजर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** रानपुर थाना क्षेत्र के डोलिया गांव में कई दिनों से जंगली जानवर के आतंक से ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई जंगली जानवर उनके पालतू जानवरों को मार कर चला जाता है। शनिवार रात को भी इस जंगली जानवर ने एक बाड़े में बंधी हुई दो गायों को अपना शिकार बना लिया। इससे इनकी मौत हो गई। पीड़िता मंजू ने बताया कि आधी रात को उसके बाड़े में जानवरों के रम्भाने की आवाज आई तो वह टॉर्च लेकर छत पर गई। टॉर्च की रोशनी में देखा तो तेंदुए ने एक गाय का गला पड़ा हुआ था। इस पर घबराकर वह चिल्लाई। तभी बाड़े में भैंसों ने एक साथ तेंदुए पर हमला कर दिया। एक साथ हुए हमले और टॉर्च की रोशनी के कारण तेंदुआ वहां से भाग गया। अब गांव वालों में दहशत का माहौल है। रविवार सुबह सभी ग्रामीण विधायक व राज्य के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के घर पहुंचे और उन्हें हालात की जानकारी देकर मदद की गुहार की। दिलावर ने इस पर वन विभाग के मंडाना रेंजर को मामले की जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीण मोहन सिंह ने बताया कि जंगली जानवर के आतंक के कारण अब हमारा गांव में रहना भी मुश्किल हो गया है। उल्लेखनीय है कि डोलिया गांव मुकुंदरा टाइगर रिजर्व के समीप ही बसा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि टाइगर रिजर्व की दीवार न होने के कारण जंगली जानवर आसानी से गांव में आ जाते हैं। राजस्व गांव होने के बावजूद भी हमें कोई सुरक्षा नहीं मिल रही है। यह गांव कोटा वन विभाग के क्षेत्र में आता है। ऐसे में हमारी दुविधा यह है कि अब हम अपनी शिकायत किसके पास लेकर जाएं।

### ग्रामीणों को मुआवजे की प्रक्रिया शुरू

इस मामले में डीसीएफ अपूर्व कृष्ण भार्गव का कहना है कि डोलिया गांव का कुछ बाहरी हिस्सा मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में आता है, बाकी हिस्सा हमारे टेरिटोरियल में है। ग्रामीणों को मृत पशुओं का मुआवजा दिलवाने का प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरा रखवाया जा रहा है, सम्बंधित रेंजर्स को कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## सेहतमंद रहने के लिए कोटा में एक साथ दौड़े हजारों शहरवासी

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला और ऊर्जा मंत्री नागर ने दिखाई हरी झंडी, विजेता को संसद की कार्रवाई देखने का मिलेगा मौका

## हार्ट वाइज सोसाइटी की ओर से आयोजित इस 'वॉक ओ रन' में हर उम्र के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे भी दौड़े






बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** देश के सबसे बड़े हेल्थ एंड हेपीनेस इवेंट हार्ट वाइज 'वॉक ओ रन' रविवार सुबह आयोजित हुई। इसमें हजारों शहरवासियों ने उत्साह से शिरकत की। शहरवासी अपनी सेहत के लिए सुबह जल्दी उठे और दौड़े। हार्ट वाइज सोसाइटी की ओर से आयोजित इस सेहत के महाकुम्भ 'वॉक ओ रन' में हर उम्र के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे भी दौड़े।

प्रारम्भ में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व जिला कलेक्टर ने झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर व 6 किलोमीटर की रन नयापुरा स्थित उम्मेद सिंह स्टेडियम से शुरू होकर एसपी ऑफिस होते हुए माला फाटक की ओर गई। अंत में इस दौड़ में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

### कोटा में सबसे बढ़िया खेल मैदान

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा-कोटा में खिलाड़ियों के लिए सबसे बढ़िया खेल मैदान है। उनके प्रयास से कोटा शहर में खिलाड़ियों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। इस रन में जो भी विजेता रहेगा, उसे संसद में कार्रवाई देखने का मौका मिलेगा।लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मंच से शहरवासियों को सेहतमंद रहने की शपथ भी दिलाई। साथ ही देशभर से कोटा आने वाले विद्यार्थियों की केयर कर उन्हें परिवार जैसा माहौल देने की भी शपथ दिलाई।

### वॉक फॉर मैन का भी हुआ आयोजन

शहर के श्रीनाथपुरम् स्टेडियम में वॉक फॉर मैन का आयोजन हुआ। लड्डा केयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित वॉक फॉर मैन में 500 से अधिक रनर्स और 5000 से अधिक आम लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। लड्डा केयर फाउंडेशन के पंकज लड्डा ने बताया कि यह ऐतिहासिक और अनूठी पहल है। यह पुरुषों के समाज में योगदान, संघर्ष और उनकी मानसिक-भावनात्मक स्थिति को समझने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। यह पारिवारिक आयोजन है। लड्डा ने बताया कि इसमें बच्चों और बुजुर्गों से लेकर महिलाएं तक शामिल हुईं। दुर्घटना से बचाने के लिए इस वॉक का आयोजन सिंथेटिक ट्रेक पर किया गया। यह वॉक 800 मीटर लम्बी है। इसमें तीन राउंड हुए। इस प्रकार यह वॉक ढाई से तीन किमी के आसपास की रही। इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के राजस्थान चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला मुख्य अतिथि थे। उन्होंने झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

### शहरवासियों को सेहतमंद रहने की शपथ भी दिलाई

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इस अवसर पर कहा कि, सेहत और तंदरुस्ती के लिए सभी को सुबह जल्दी उठकर दौड़ के अलावा योग अभ्यास भी करना चाहिए। सेहत के लिए केवल कोटा ही नहीं, पूरा देश अब दौड़ेगा। स्वस्थ जिंदगी के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। कोटा में इसके लिए बहुत जागरुकता है। हार्ट वाइज टीम की ओर से लगातार इस तरह के प्रयास किए जाते हैं। वॉक ओ रन का आयोजन कई सालों से कोटा में होता आ रहा है। सूर्य उदय से पहले ही काफी लोग सड़कों पर अपनी सेहत के लिए दौड़ लगा रहे हैं। बिरला ने सभी से आग्रह किया कि बीमारियों से बचने के लिए सेहत का ध्यान रखें।

# डोलिया को मिली जीएसएस की सौगात चांद बावड़ी ने रखी नई समिति की मांग

## कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ अध्यक्ष राठौड़ का लाडपुरा ग्राम समितियों का दौरा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने लाडपुरा क्षेत्र की विभिन्न ग्रामीण समितियों और जीएसएस का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया और फूल-मालाओं से लाद दिया। राठौड़ के साथ कोटा मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ भी रहे। राठौड़ ने अपने दौरे के दौरान डोलिया, पुथ्वीपुरा, गिरधरपुरा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने डोलिया के ग्रामीणों को सौगात देते हुए बोराबास से जीएसएस को डोलिया हस्तांतरित करवाया। बोराबास जीएसएस की बोर्ड बैठक भी आयोजित की गई। अध्यक्ष जसवंत सिंह, सचिव सतीश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। जसवंत सिंह ने बताया कि मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहल सिंह राठौड़ ने भी कई अपने विचार व्यक्त कर समिति को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता जताई।

**जीएसएस की सौगात मिलने से ग्रामीणों में खुशी :** इधर, जीएसएस की सौगात मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्होंने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की।

ग्रामीणों ने अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ को फूल-मालाएं व साफा पहनाकर आभार प्रकट किया। इसके बाद राठौड़ चांद बावड़ी पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति खोलने की मांग रखी। राठौड़ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर समिति की स्थापना की जाएगी।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा संघ :** अपने उद्बोधन में राठौड़ ने कहा, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का सशक्तिकरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार और सहकारी संघ का मुख्य उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। हमने डोलिया को जीएसएस की सौगात दी है और आगे भी ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों के हित में कार्य करते रहेंगे।卐 उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे दूध उत्पादन को बढ़ावा दें और सहकारी समितियों से अधिक से अधिक जुड़ें ताकि उन्हें उचित मूल्य और सुविधाएं मिल सकें।

# तुलसी माला का बढ़ता कारोबार, महिलाओं को मिल रहा रोजगार

## मेवात अंचल में पनप रहा तुलसी माला निर्माण लघु उद्योग, मेवात उत्थान समिति बन रही मददगार

बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर (मुकेश सैनी)।** एनसीआर क्षेत्र के भरतपुर ,अलवर और डीग जिले के अन्तर्गत आने वाले मेवात अंचल के न्याणा गांव में मेवात उत्थान समिति भरतपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी की बैठक अरूण गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मेवात क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, संस्कारवान शिक्षा, आत्मनिर्भर, प्राकृतिक खेती,भारतीय संस्कृति ज्ञान,लघु उद्योग संचालन प्रशिक्षण, किशोरी व बालिका विकास, सामाजिक बुराईयां समाप्त करना, साइबर क्राइम व अपराध की रोकथाम ,कम्प्यूटर ज्ञान,तकनीकी ज्ञान,ऑन लाइन बैकिंग ज्ञान आदि पर चर्चा की गई तुलसी माला निर्माण,सिलाई प्रक्षिक्षण,संस्कारवान कोचिंग सेन्टर आदि का निरीक्षण किया और तुलसी माला निर्माण व कपडा सिलाई कर रही महिलाओं से रू-ब-रू हुए।

न्याणा गांव की आत्मनिर्भर महिलाओं ने बताया कि मेवात उत्थान समिति आमजन की मददगार बन रही है, जिसके द्वारा मेवात क्षेत्र में निःशुल्क सिलाई,तुलसी माला निर्माण,अचार-मुरब्बा,ब्यूटी पॉलर,संस्कारवान शिक्षा, महिला सशक्तिकरण,स्वास्थ्य व स्वच्छता आदि के कार्यक्रम संचालित है,जिससे ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो रहे है और लोगों में देश व समाज सेवा के भाव जागरूक हो रहे है। आत्मनिर्भर रानी कुमारी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में तुलसी माला निर्माण का कारोबार प्रतिसाल बढ रहा है,जिससे भारी संख्या में महिलाओं को घर पर ही रोजगार मिला और उनकी आय में बढोत्तरी होने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक हालत मजबूत हो गई तथा बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास आदि की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो रही है और परिवार के बच्चों के विवाह व अन्य उत्सव बडे धूमधाम से कर रहे है। तुलसी माला निर्णाण में मेवात उत्थान समिति का विशेष योगदान है , जो श्री गोपाल मन्दिर न्याणा के महन्त बालकदास महाराज के सानिध्यं तुलसी माला प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हे आर्थिक मदद देकर तुलसी माला का बाजार और कच्चा माला आदि की जानकारी मुहैया करा रही है। समिति के पदाधिकारी रेनु गुप्ता व अनीता गुप्ता ने बताया कि मेवात उत्थान समिति द्वारा अलवर,डीग और भरतपुर जिले के मेवात व आंकाक्षी क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सर्वसमाज की शिक्षा, कृषि, चिकित्सा ,पेयजल,महिला सहशक्तिकरण,युवा उत्थान, संस्कारवान शिक्षा आदि को बढावा देने के उद्देश्य से गांव-गांव में बहुउद्देशीय प्रशिक्षण सेन्टर संचालित है और गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को रोजगार वास्ते आर्थिक मदद मुहैया कराई जा रही है। समिति के पदाधिकारी अरूण गुप्ता,रेनु गुप्ता, सुरेशचन्द बंसल,शैलेन्द्र गुप्ता, अनीता गुप्ता,अमर सिंह,कमलेश चौधरी ने गोविन्दगढ, कामां, पहाडी, नगर,सीकरी क्षेत्र के कई गांवों में समिति द्वारा संचालित सेन्टरों का निरीक्षण किया और तुलसी माला निर्माण व सिलाई कार्य कर रही महिलाओं से रू-ब-रू हुए।



# आरएस सीआईटी निःशुल्क कोर्स के लिए 56 छात्राओं ने लिया प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर (गोपाल पाठक)।** मनोहर आर एस सीआई टी सेन्टर द्वारा छात्राओं को राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आर एस - सीआईटी) का निःशुल्क कोर्स करवायेगा। इसके लिये प्रथम बैच का उद्घाटन सादा समारोह आयोजित कर पार्षद सुलेमान खान द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन सत्यम सैनी द्वारा किया। छात्राओं को बैग व आर एस - सीआईटी कोर्स की पुस्तकों का वितरण सेन्टर संरक्षक पं0 श्री गया राम शास्त्री द्वारा किया गया। इस कोर्स के लिये 56 छात्राओं ने प्रवेश लिया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी का कोर्स कंप्यूटर का बेसिक कोर्स है राजस्थान सरकार ने यह कोर्स डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए शुरू किया है। समारोह में प्रशिक्षक दीपेश शुक्ला , पार्षद मुकेश सैनी, राम प्रकाश शुक्ला, गिरजेश शुक्ला, सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।



# 10 हजार से अधिक किस्म के फूल एवं ओषधिय पोधौ की लगी प्रदर्शनी , देखने को उमड़ा शहर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** ब्रज हरित समिति की ओर से जिला मुख्यालय के शास्त्री पार्क में फूलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया 8 फरवरी से प्रारंभ हुई है प्रदर्शनी 10 फरवरी दोपहर 3.00 बजे तक चलेगी प्रदर्शनी की खासियत यह रही की इसमें 10000 से अधिक किस्म के फूल एवं औषधि पौधे मिलेंगे ब्रज हरित सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक पाराशर ने बताया कि प्रदर्शनी में करीब 7 हजार फूलों के पौधे, 215 प्रकार के बोनसाई, 220 कैक्टस, 109 बोगनवेलिया, 156 अडेनियम, 110 एरिका पाम, 422 टेपियारी, 75 मिनिएचर ट्रे गार्डन, 158 किचन गार्डन सहित पेंजी, पिटूनिया, आस्टर, बिगोनिया, सालविया, रैनन कुलल, जिरनियम, सिनेरिया, हैलीक्राइसस, नैस्टैसियम, कैल, डैथल सहित कई तरह की प्रजाति के पौधे हैं। जिन लोगों को पेड़ पौधों में रुचि है, वह इस प्रदर्शनी में पहुंच रहे हैं। कल इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कलेक्टर अमित यादव ने किया। प्रदर्शनी में 2 तरह के अलग-अलग फूल हैं। प्रदर्शनी में फूलों की कई सुन्दर कलाकृति भी बनाई गई हैं। सभी कलाकृति आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस प्रदर्शनी में लोग अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में एंट्री के लिए कोई फीस नहीं रखी गई है। इस शॉ का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। इसके अलावा प्रदर्शनी में बच्चो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। जिससे आने वाली पीढ़ी पेड़ों का महत्त्व जान सके।



# जे.सी.आई का अधिष्ठापन समारोह आयोजित नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ अविनाश गोयल बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर का अधिष्ठापन समारोह जोनल वाइस प्रेसीडेन्ट मन माहेष्वरी के मुख्य आतिथ्य में रंजीत नगर स्थित होटल जी.आर.इन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से अविनाष गोयल को अध्यक्ष, मोल्विका गोयल को चेयर पर्सन एवं हिमांषु बंसल सर्राफ को सचिव पद पर मनोनीत किया गया । कार्यक्रम में जेसीआई के वरिश्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष जेसी राजकुमार गोयल, जेसी मोहन बंसल, जेसी भारत भूशण अग्रवाल, जेसी रवि गुप्ता, जेसी अनुराग गुप्ता, जेसी संतोश, जेसी कुलदीप षर्मा की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष उदित गोयल ने अविनाष गोयल को अध्यक्ष पद की षपथ दिलाई। इसके बाद अविनाष गोयल ने अपनी कार्यकारिणी में जेसी मुदित गोयल को ट्रेजरार, जेसी विपिन सिंघल, जेसी नितिन गोयल, जेसी रौनक कोठारी, जेसी गौरव अग्रवाल सीए, जेसी नितेष मित्तल, जेसी देवेष खण्डेलवाल, जेसी गौरव अग्रवाल, जेसी रजत गर्ग, जेसी षेखर गोयल, जेसी अंकित गोयल, जेसी नीरज बंसल, जेसी वैभव गोयल, जेसी मनु गोयल, जेसी तरूण गर्ग, जेसी विपिन अग्रवाल, जेसी दिलीप गोयल एवं जेसी मनीश के साथ जेसी पायल गोयल, जेसी मीनू गोयल एवं जेसी लबली जैन को सोषल मीडिया की विषेश जिम्मेदारी की षपथ ग्रहण कराई गई ।

संस्था के मीडिया प्रभारी अंकित गोयल के अनुसार इस अवसर पर उदित गोयल ने गत वर्श में किये गये कार्यक्रमों का विस्तार से वर्णन प्रस्तुत किया । इसके साथ ही वर्शभर में हुये कार्यक्रमों के विजेताओं एवं उत्कृश्ट कार्य करने वाले सदस्यों जेसी निषू मीनू गोयल, जेसी मोहन विमलेष बंसल, जेसी भारत भूशण लिपिका गोयल, जेसी राहुल सेजल बंसल, जेसी विपिन वर्शा अग्रवाल, जेसी मनीश चांदनी गुप्ता, जेसी गौरव रेखा अग्रवाल, जोसी संतोश खण्डेलवाल,जेसी कपिल दीपिका सिंघल, जेसी विनय कविता सिंघल, जेसी नितेष तान्या मित्तल, जेसी अविनाष मोल्विका गोयल, जेसी हिमांषु नेहा बंसल, जेसी नीरज सोनम बंसल, जेसी अंकित प्रिया गोयल, जेसी विपिन भावना अग्रवाल, जेसी मन्नु पूजा गोयल, जेसी आकाष तेगुरिया आदि को पुरुस्कार वितरित किये गये । इस अवसर पर जेसीआई सखी से पारूल गोयल एवं जेसीआई सैन्चुरी से निखिल खण्डेलवाल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को पटका पहनाकर षुभकामनाऐं दी । कार्यक्रम में बडी सख्या में संस्था के सदस्य एवं अतिथिगण उपस्थित थे । अन्त में संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेसी उदित गोयल ने सभी का आभार प्रगट किया ।




# सबका कल्याण : डॉ. कुमार शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र उच्चैन की ओर से रविवार को शिव महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष चैयरमेन विमला राजौरा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी बहिन ज्योति ने की।विशिष्ट अतिथि पत्रकार सत्यप्रकाश अग्रवाल रहे। मंच का संचालन पत्रकार सौरभ अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत शिवबाबा के चित्र के समक्ष अतिथियों के द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित कर की गई।सेवा केंद्र प्रभारी ज्योति बहिन ने ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मनाए जा रहे शिव महोत्सव की रुपरेखा बताते हुए कार्यक्रम के महत्व के प्रासंगिक स्वरूप पर प्रकाश डाला। बहन ज्योति ने कहा परमात्मा को पांच बातों से पहचानते हैं। परमात्मा का नाम क्या है रूप क्या है गुण क्या है। परमात्मा का नाम शिव है। और परमात्मा सबका कल्याण करते है। परमात्मा ज्योति बिंदु सत्य है। परमात्मा शांति का सागर है सर्वशक्तिमान है पालिकाध्यक्ष राजौरा अपने उद्बोधन में सेवा केंद्र पर हो रहे आयोजन में सभी उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की खुले मन से प्रशंसा की। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पत्रकार डॉ0 कुमार शास्त्री ने कहा कि शिव सबका कल्याण करते हैं।उन्होंने शिवरात्रि मनाये जाने की व्याख्या की। विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश अग्रवाल ने सन्त और बिच्छू की कथा के माध्यम से अपने -अपने कार्य की श्रेष्ठता प्रगट की।बहिन सरोज इंदौलिया एवं भ्राता हुब्बलाल ने कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत कर मन्त्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में सभी जनों को बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को धारण करने की शपथ भी दिलाई गई। आमंत्रित अतिथियों को सौगात प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ0 भीमसेन शर्मा,भ्राता गौरी शंकर,बीके रमा बहिन, चारु बहिन, रजनी, सुनीता, विमलेश,लक्ष्मी,सहित अन्य सेवाकेंद्र से जुड़े अनुयायी मौजूद रहे।




# जेसीआई भरतपुर सेंचुरी द्वारा 50 बच्चों को स्वेटर वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव जाट मंडोली में संस्था अध्यक्ष जैसी निखिल खंडेलवाल की अध्यक्षता में 50 बच्चों को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम संस्था सदस्यों के सहयोग से किया गया । प्रोग्राम में संस्था सचिव जैसी अनिल गर्ग तेहरा वालों ने विद्यालय प्राचार्य व स्टाफ व संस्था सदस्यों का आभार व्यक्त किया प्रोग्राम में मौजूद संस्था अध्यक्ष जेसी निखिल खंडेलवाल, सचिव जेसी अनिल गर्ग तेहरा ,पूर्व जॉन प्रेसिडेंट रजत आर्य, पूर्व अध्यक्ष सपना डिगीया सदस्य संजय डीगया आदि मौजूद रहे ।

# 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** टी. एम. इन्टरनेशनल स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह रंगारंग कार्यक्रम एवं विद्यार्थियों के खट्टे मीठे अनुभवों के अधिकारों के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय सचिव सरदार हीरा सिंह एवं निर्देशका सतिंदर कौर रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य निदेशक हरपाल सिंह पूनिया प्राचार्य विक्रांत कुलश्रेष्ठ द्वारा माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया एवं कहा कि ये दिन हमारे लिए विशेष है जिसे हम भूल न पाएँगे। सभी विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और विद्यालय द्वारा उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से जैसे नाटक, नृत्य, रैम्प वॉक, प्रश्नोत्तरी एवं गीत आदि से सबका मन मोह लिया।

# एंटीवायरस के तहत लोगों को किया जागरूक

## उनके गांव में साइबर ठाकुर की लोकेशन आती है तो ग्रामीण करेंगे पकड़वाने में सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर (मुकेश सैनी)।** डीग जिले खोह थाना इलाके में पुलिस ने साइबर ठगी जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने साइबर ठगी के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस पंचायत में करीब 150 गांव के लोग मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अकलेश शर्मा की उपस्थिति मैं आयोजित पंचायत में। सभी ग्रामीणों ने पुलिस का समर्थन किया। साथ ही लोकेशन मिलने पर अपराधी को पकड़ने में पुलिस की मदद करने को कहा। सीओ मनीषा गुर्जर ने बताया कि ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत टोडा गांव में करीब 150 गांव के लोगों को साइबर ठगी के संबंध में जागरूकता लाने के लिए जानकारी दी गई। सभी गांव के लोगों ने हाथ उठाकर पुलिस का समर्थन किया। पंचायत में मौजूद ग्रामीणों ने कहा की अगर टोडा गांव में साइबर ठगों की लोकेशन आती है तो, हम गांव के लोग पुलिस का साथ देकर साइबर ठगी को जड़ से ख़त्म करवाने में मदद करेंगे। इसके अलावा टोडा मदरसा दावत उल ईमान में करीब 50 छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्टूडेंट्स को लेंगिग अपराध के बारे में बताया गया। इसके बाद पुलिस की टीम गढ़ीमेवात गांव पहुंची। जहां करीब 150 ग्रामीणों को साइबर ठगी के संबंध में जागरूक किया गया। वहां भी सभी ग्रामीणों ने पुलिस का समर्थक करते हुए कहा की अगर किसी भी साइबर ठग की लोकेशन गांव में आएगी तो, अपराधी को पुलिस को पकड़वाने में वह मदद करेंगे।



# शत्रुघन तिवारी ने कुंभ में लगाई डुबकी किया शाही स्नान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने प्रयागराज पहुंचकर कुंभ में आस्था की डुबकी लगाई और शाही स्नान किया एवं माँ गंगा से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की मंगल कामना करते हुए राजस्थान प्रदेश में सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की उसके बाद तिवारी ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किये बाद में अयोध्या पहुंचकर रामलाला के भी दर्शन लाभ लिए कुंभ से लौटकर तिवारी का साथी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने स्वागत किया इस दौरान उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी सदस्य बीनू सिंह नाहर सिंह अवधेश गुर्जर गौरव फौजदार अंकित पांचाल रूपेंद्र मोहन आदि मौजूद थे ।



# ट्रैक्टर की चपेट में आए बाइक सवार दो युवक : सिर और हाथ की उंगलियों में आई गम्भीर चोट, उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** रुदावल स्टेट हाईवे पर ब्रह्मबाद टोल प्लाजा के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवकों को बयाना सीएचसी लाया गया, जहां बाइक सवार युवक के हाथ की उंगली पूरी तरह से कुचल गई। और सिर में भी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार युवक रूपवास निवासी धर्मेंद्र सिंह परमार (23) पुत्र हुकम सिंह और चंद्रपाल गहलोत (30) जगवीर परिवार में होने वाले शादी समारोह के निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बयाना की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 11:30 बजे ब्रह्मबाद टोल प्लाजा के पास सामने की ओर से आई तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक पर सवार धर्मेंद्र और चंद्रपाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में सूचना पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर बयाना कोतवाली थाना पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि फिलहाल घायलों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

# आमरण अनशन पर बैठे बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा को पुलिस ने जबरदस्ती उठाया, अनशन स्थल पर मचा हंगामा

## मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजकीय शिक्षक मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा को रविवार को जिला प्रशासन व पुलिस ने जिला कलेक्ट्रेट अनशन स्थल से जबरदस्ती उठाकर चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया।इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।



### पुलिस आयी और जबरदस्ती उठाकर ले गयी

रविवार को अनशनकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अचानक तहसीलदार व कोतवाली थानाधिकारी जाप्ते के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे और चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा को उनके गिरते हुये स्वास्थ्य का हवाला देकर चिकित्सालय में भर्ती होने के लिये कहा।शर्मा ने स्व.मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक अनशन स्थल पर ही डटे रहने की बात कही।इसके बाद शर्मा को पुलिसकर्मियों ने अनशन स्थल से खेंचकर जबरदस्ती उठा लिया और खेंचकर पुलिस की गाड़ी में बैठाकर चिकित्सालय ले गये। इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।इससे पहले बूंदी एसडीएम एच डी सिंह व पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार ने भी अनशनस्थल पर आकर शर्मा से वार्ता की थी।

### समाधान में जुटे जिलाध्यक्ष

मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा जनप्रतिनिधियों से संवाद कर मनीष मीणा के पीड़ित परिवार की सहायता के साथ आंदोलन के समाधान में जुटे हुये है। मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा ने कहां की अनशनकारियों की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है राज्य सरकार व प्रशासन को मनीष मीणा के पीड़ित परिवार की सहायता के लिये शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिये।

### समर्थन में ये पहुंचे

रविवार को आंदोलन के समर्थन में मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवान लाड़ला, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरुप सिंह रंधावा,बूंदी प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा,युवा स्टेट कॉर्डिनेटर कमल सुमन,पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, एडवोकेट हेमराज मीणा नाडाहेत,एडवोकेट देवराज मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा,पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मीणा,ब्राह्मण महासभा के युवा जिलाध्यक्ष विकास सनाढ्य,पीयूष शर्मा गुल्लू, पार्षद अंकित देवीलाल मेघवाल, महादेव मेघवाल आदि अनशन स्थल पर पहुंचे।

### 7 अनशनकारी चिकित्सालय में भर्ती

मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर 19 अनशनकारियों का आमरण अनशन रविवार को चौथे दिन भी जारी है।राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, स्व.मनीष मीणा की माँ गायत्री बाई,पिता रामलक्ष्मण मीणा, हरिओम मीणा,समाजसेवी डॉ किशनलाल मीणा,टोनू मीणा व बच्ची बाई मीणा 7 अनशनकारी चिकित्सालय में भर्ती है।

### शुगर लेवल 45 रह गया वजन में 7 किलो की गिरावट

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही थी।चार दिन के अनशन में रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण में उनका शुगर लेवल 45 ही रह गया था वहीं चार दिन में 7 किलो वजन कम हो गया था।उनकी बॉडी में कीटोन आने लगे थे।जिसके बाद उनका जीवन बचाने के लिये उन्हें चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

# बजरी माफिया की दबंगई से परेशान कालबेलिया समाज के लोगों ने किया केकड़ी-बघेरा-टोड़ा मार्ग जाम

## पुलिस की समझाइश से खुला यातायात



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी में ग्राम मेवदाकला के समीप चौसला कॉलोनी के पास रविवार को कालबेलिया समाज के लोगों ने कथित तौर पर एक युवक पर महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाते हुए केकड़ी-बघेरा-टोड़ा मार्ग पर जाम लगा दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। समाज के लोगों का आरोप है कि एक युवक द्वारा उनकी बस्ती में अवैध बजरी स्टॉक किया जा रहा है और वह महिलाओं के साथ गाली-गलौच कर उन्हें परेशान करता है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि युवक बजरी माफिया से जुड़ा हुआ है और प्रशासन में ऊंचे संपर्कों का डर दिखाकर खुलेआम दादागिरी करता है। उनका कहना है कि आरोपी युवक लगातार समुदाय के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था और विरोध करने पर धमकियां देता था।

पीड़ित परिवारों का आरोप है कि युवक ने अपने रसूख के चलते कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से भी रोका और समाज के लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही केकड़ी सिटी थाने के एएसआई राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद समाज के लोगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया और मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया। प्रदर्शन के दौरान कालबेलिया समाज के लोगों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर मांग की कि प्रशासन आरोपी युवक पर सख्त कार्रवाई करे और बजरी माफिया से जुड़े ऐसे असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। कालबेलिया समाज के लोगों ने बताया- वो लोग कोयला निकाल कर गुजर-बसर करते हैं, लेकिन कालूराम मीणा (30) जो मेवदा कलां का रहने वाला है, वो इस काम में भी बाधा डालता है। कालूराम धमकी देता है कि उसकी थाने में पहुंच है।

# गेंहू के खेत मे से मगरमच्छ को किया रेस्क्यू,कई दिनों से ग्रामीण थे दशहत में वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार तहसील के गांव बिशनिया के ग्रामीण मगरमच्छ के आंतक से भय के साये में जी रहे थे ,ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर नरेंद्र चौधरी को दी ,जिस पर रेंजर द्वारा कार्यवाही कर वन रक्षक योगेंद्र सिंह ,व खेता राम गुर्जर व उनकी टीम को मौके पर भेजा ,बिशनिया गांव के किसान बद्री सिंह के गेंहू के खेत मे कुवे के पास से रेस्क्यू किया है जिसको पास ही बहने वाली चंबल नदी में छोड़ा जाएगा ।ग्रामीणों ने भय से मुक्ति मिलने पर खुशी जाहिर की।वही एक दो दिन से कोलवी गांव के खाल में भी मगरमच्छ देखे जाने की सूचना मिल रही है जंहा भी रेस्क्यू की आवश्यकता है ,कोई जन हानि हो उसके पहले ही रेस्क्यू किया जाय ।

# लोधा समाज द्वारा नवनियुक्त लोधा समाज के पदाधिकारियो व भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा झालावाड़ के बकानी रटलाई असनावर ब्लाक के समस्त 60 गांव की बैठक कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश जी लोधा कृषि पर्यवेक्षक लालपुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई सम्पन्न हुई। जिसमें 20 मार्च 2025 को महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधा के बलिदान दिवस को बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाने के उपलक्ष्य मे चर्चा की गई। बकानी से नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम लोधा का लोधा समाज की तरफ से स्वागत किया गया। सभी समाज बंधुओ ने मंडल अध्यक्ष ओम लोधा को माला पहनाकर बधाई दी। जिसमें बलिदान दिवस असनावर क्षेत्र में 20 मार्च 2025 को मनाने का निर्णय लिया गया।

# ओप्पो के 'जर्नी ऑफ़ ग्लोरी' में राजस्थान के टॉप पांच सेल्स प्रमोटर का हुआ चयन, विदेश यात्रा का मिलेगा मौका

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** मोबाइल क्षेत्र की जानी मानी ओप्पो कंपनी की स्कीम 'जर्नी ऑफ़ ग्लोरी' के तहत राजस्थान के टॉप 5 उत्कृष्ट सेल्स प्रमोटर कर्मचारियों निखिल खत्री उदयपुर, रवि कुमार सीकर, टिंकू अलवर, हिमनद कुमार अलवर, विष्णु कुमार कोली अजमेर का चयन किया गया है। ओप्पो के राजस्थान रिजनल सेल्स डायरेक्टर देवीलाल जाट ने बताया की इन सभी कर्मचारियों को ओप्पो इंडिया और त्नस्न्ष्टक्क राजस्थान की ओर से थाईलैंड के प्रसिद्ध शहर फुकेट की यात्रा का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। ओप्पो कंपनी आशा करती है कि ये सम्मानित कर्मचारी अन्य साथियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे और भविष्य में अधिक से अधिक सेल कर 'जर्नी ऑफ़ ग्लोरी' का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. जगदीप धनखड़

## उपराष्ट्रपति मातृकुंडिया पहुंचकर मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** उपराष्ट्रपति डॉ. जगदीप धनखड़ चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध धाम मातृकुंडिया पहुंचे और अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महा सभा संस्थान के मातृकुंडिया में महादेव के नवीन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया और आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसान अन्नदाता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सुदृढ़ नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में माता और बहनों की उपस्थिति देखकर कहाकि समाज सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, उन्होंने कहाकि माता बहनों को आगे लाकर स्वावलंबी बनाना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश किसान दिवस की रजत जयंती मना रहा है, किसान अन्नदाता है और वह देश के विकास की पूंजी है। उन्होंने किसानों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी रखने एवं उनका लाभ उठाने की बात भी कहीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही महाकुंभ में डुबकी लगाकर आए हैं ऐसा ही अनुभव उन्हें मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में आकर हो रहा है । उन्होंने कहा कि करीब 25 वर्ष पहले वह इस धरा पर आए थे और समाज के प्रयास से उन्हें सामाजिक न्याय मिला। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेवाड़ जाट समाज के अध्यक्ष माधव लाल जाट ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण एवं हल भेंट कर स्वागत किया । इस अवसर पर केंद्रीय राज्य राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं आमजन उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया स्वागत

उपराष्ट्रपति के रविवार को प्रात: 11.45 बजे मातृकुंडिया हेलीपैड पहुंचने पर केंद्रीय राज्य राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद सी.पी. जोशी, पूर्व केंद्रीय एवं राज्य मंत्री लालचंद कटारिया, जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक आदि ने स्वागत किया।



**महादेव मंदिर दर्शन कर की खुशहाली की कामना :** उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर महादेव मंदिर पहुंचकर दर्शन किए एवं देश की खुशहाली की कामना की।

# ट्रेलर में लगी आग, दर्दनाक हादसे में चालक की हुई जलकर मौत



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा नगर के चित्तौड़गढ़ रोड पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई, सदरथाना के पास आज सुबह करीब 10 और 11 बजे के बीच यह यह हादसा हुआ, जानकारी अनुसार तेलंगाना से ब्लैक ग्रेनाइट लेकर किशनगढ़ जा रहा एक ट्रेलर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गया जिससे ट्रेलर के इंजन में लगी आग।इस दर्दनाक हादसे में ट्रेलर में लगी आग में चालक शराबुद्दीन जो अजमेर का रहने वाला था की मौके पर ही जलकर मौत हो गई,सूचना मिलते ही सदरथाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, आग बुझने पर स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से चालक के शव को ट्रेलर से बाहर निकाला गया। सदरथाना निम्बाहेड़ा एएसआई संतोष कुमार के अनुसार, हादसे के समय ट्रेलर में ग्रेनाइट ब्लैक मार्बल भरा हुआ था, वही बताया जा रहा कि सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ गया और आग की चपेट में आ गया, आग इतनी भीषण थी कि कोई भी उसके करीब ना जा सका और चालक को बचाने का मौका नहीं मिला,मृतक का शव जिला चिकित्सालय मोर्चरी में भिजवाया गया। वही मृतक के परिवार को अजमेर में सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी शुरू, 87 विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए विज्ञान मॉडल



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का रविवार को पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में समारोहपूर्वक उदघाट्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजमेर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल जोशी थे और अध्यक्षता केकड़ी जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने की। समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रितेश जैन, एस डी एम सी विधायक प्रतिनिधि अनिल राठी, राजेन्द्र चौधरी, धनराज कच्छावा, बलराज मेहरचंदानी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ब्रजराज शर्मा उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में सम्पूर्ण अजमेर जिले के 9 ब्लॉक से 87 बालक-बालिकाओं ने नई नई तकनीक के विज्ञान मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया व विद्यार्थियों के नवाचारों की सराहना की। सभी प्रतिभागियों के आवास व भोजन की व्यवस्था स्थानीय विद्यालय द्वारा की गई।

उपप्राचार्य गिरीश चंदेल, प्रभारी रमेश डसानिया, नवल किशोर जांगिड़, विनोद कुमार जैन, ऋतु पाराशर, डॉ गोपाल, देवेंद्र धांधोलिया, शंकर लाल रेगर, हेमन्त जैन, राजेन्द्र जैन, राजेन्द्र सुजेडिया, भाग चंद वर्मा, नंदकिशोर गुर्जर ने कार्यक्रम में सहयोग किया। प्रधानाचार्य कालू राम सामरिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण सोनी व अरविंद अग्रवाल ने किया। शिक्षा विभाग से नियुक्त निर्णायक विज्ञान एवं तकनीकी विभाग नई दिल्ली से दीप्ति जगुडी, सत्यनारायण वैष्णव व लोकेंद्र ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया बच्चों के मॉडल्स की जांच की। इनमें से सोमवार को 10 छात्र छात्राओं का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थी राज्यस्तर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने मॉडल्स का प्रदर्शन करेंगे।

# चित्तौड़गढ़ में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों के संचालकों को बढ़ी जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** कट्स संस्थान द्वारा लघु उद्योग भारती, चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान, व्यापार मंडल, जिला उद्योग केंद्र, साइबर पुलिस थाना, श्रम विभाग, राजीविका और नाबार्ड कि सहभागिता से द एशिया फाउंडेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक इकाइयों के संचालकों की क्षमता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 27 जनवरी को चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान चंदेरिया के सभागार में एवं 28 जनवरी को सीताफल उत्कृष्टता केंद्र चित्तौड़गढ़ में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कट्स के समन्वयक गौहर मेहमूद ने बताया कि प्रथम चरण में चित्तौड़गढ़ जिले में उद्यम प्रमाण पत्र प्राप्त व्यावसायिक इकाइयों से जुड़े प्रतिनिधियों को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों से हो रही ठगी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में कट्स जयपुर से साइबर सुरक्षा कार्यक्रम प्रभारी आकर्ष भार्गव ने साइबर सुरक्षा और इसके महत्व की बुनियादी समझ और भारत में समग्र साइबर अपराध परिदृश्य और साइबर हमलो के प्रकार के बारे में जानकारी देते हुए बताए कि भारत की जीडीपी का 30प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक इकाइयों से आता है तथा 60 प्रतिशत भारतीय सूक्ष्म लघु और मध्यम व्यावसायिक इकाइयों से जुड़े लोग प्रभावित हुए और छोटे व्यवसाययों के खिलाफ 2021 से साइबर अपराधों में 300त्न की वृद्धि हुई है। भारत में 43प्रतिशत साइबर हमले छोटे व्यवसायों को निशाना बनाते हैं।



कार्यक्रम में साइबर पुलिस थाना चित्तौड़गढ से रामनिवास गुर्जर ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर साइबर अपराधों की तत्काल सूचना देने के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष मनोहर तोषनीवाल, चंदेरिया व्यापार सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश कुमार काबरा,लघु उद्योग भारती के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानमल मेहता,कट्स जयपुर की कार्यक्रम अधिकारी दीपिका राणावत सीताफल उत्कृष्टता केंद्र के उपनिदेशक राजाराम सुखवाल साइबर धोखाधड़ी से प्रभावित हुए प्रकाश बेरवा, अमित चेचानी, गोपाल लाल डांगी, अनिल गिरी, गायत्री मोड, नर्बदाशंकर चौबीसा ने भी विचार व्यक्त कर अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन मदन गिरी गोस्वामी ने किया आभार दीपिका राणावत ने जताया।

# ग्राम पंचदेवला में चल रहे भागवत कथा में सम्मिलित हुए विधायक आक्या

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** विधानसभा क्षैत्र चित्तौड़गढ़ के ग्राम पंचदेवला में बाल योगी ब्रह्मनंद महाराज के मुखारविंद में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा व सप्तकुण्डिय महायज्ञ के अंतिम दिन विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने भी उपस्थित होकर कथा का लाभ लिया। इस दौरान विधायक आक्या ने बालयोगी ब्रह्मनंद महाराज का आर्शीवाद प्राप्त कर क्षैत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गब्बरसिंह अहीर, पूर्व मण्डल महामंत्री देवीलाल धाकड़, मोहन लाल कुमावत, जयचंद कुमावत, सरपंच शोभालाल धाकड़, अनिल धाकड़, प्रहलाद कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## दो बदमाशों ने टेंपो से किया महिला का अपहरण, पुलिस ने पीछा कर बचाया एक आरोपी गिरफ्तार; दूसरा फरार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सैंपऊ थाना पुलिस ने महिला का अपहरण कर भाग रहे एक युवक को गिरफ्तार कर महिला का रेस्क्यू किया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी भागने में कामयाब हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। सैंपऊ थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा के नेतृत्व में हुई कार्रवाई को लेकर एएसआई विष्णु दत्त ने बताया कि सालेपुर सरकारी स्कूल के पास एक महिला टेंपो से जा रही थी। इसी दौरान एक गाड़ी में सवार होकर आए दो लोगों ने जबरन महिला को टेंपो से उतारकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद धौलपुर ग्रामीण सीओ के ड्राइवर हीरा सिंह ने पुलिस की सरकारी गाड़ी से अपहरण करने वाले आरोपियों की गाड़ी का पीछा शुरू कर दिया। आरोपी महिला का अपहरण कर उसे चौराखेड़ा की ओर ले जाने लगे। इसी दौरान धौलपुर ग्रामीण सीओ के स्टाफ ने अपनी सरकारी गाड़ी को तसीमों के शराब के ठेके पास लगाकर अपरण कर भाग रहे आरोपियों की गाड़ी को रुकवा लिया। इस दौरान एक आरोपी भागने में कामयाब हो गया। एएसआई ने बताया कि पुलिस ने मौके से महिला को बदमाशों के चंगुल से मुक्त करा लिया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी राजकुमार (28) पुत्र श्रीनिवास गौड निवासी गढी चटोला को गिरफ्तार किया हैं। जिससे पुलिस उसके दूसरे साथी के बारे में पूछताछ कर रही हैं।

## घर से 2.65 लाख रुपए और गहने चोरी- पीछे का दरवाजा तोड़ घुसे, महिला गई थी पीहर



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र स्थित मछरिया गांव में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए 2.65 लाख रुपए के साथ लाखों के गहने चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मछरिया गांव के रहने वाले पीड़ित देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उसकी भाभी घर पर ताला लगाकर अपने मायके गई थी। जब उसकी भाभी घर लौटी तो उसे घर का सामान बिखरा हुआ मिला। पीड़ित ने बताया कि चोर पीछे की ओर से दरवाजा तोड़कर घर में घुसे, जहां उन्होंने अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर 2.65 लाख रुपए की नगदी के साथ लाखों रुपए के सोने और चांदी के गहने पार कर लिए। चोरी की घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को मामले की सूचना देते हुए आस पास के लोगों से भी पूछताछ की। पीड़ित ने बताया कि उसका भाई जयपुर में जॉब करता है, जबकि भाभी घर में रहती है। जिसके मायके जाने के बाद चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। जिसके बाद चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# जेसीआई भरतपुर सेंचुरी के एक बार फिर बने अध्यक्ष निखिल खंडेलवाल

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जे सी आई भरतपुर सेंचुरी का नव वर्ष मिलन समारोह भरतपुर स्थित होटल द पार्क में आयोजित किया गया जिसमें सभी संस्था सदस्यों ने नव वर्ष मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया । प्रोग्राम में संस्था द्वारा लाइव म्यूजिक का आयोजन किया गया था जो कि सुनील एंड पार्टी द्वारा किया गया। प्रोग्राम में सभी संस्था सदस्यों को सदस्यता उपहार व ओसवाल ग्रुप के द्वारा आकर्षक उपहार भी संस्था सदस्यों को दिया गया ठंड को देखते हुए होटल द पार्क द्वारा भी सदस्यों के लिए आलाप कि व्यवस्था व हीटरो की अतिरिक्त व्यवस्था की गई थी की ठंड में किसी भी बड़े या बच्चों को कोई प्रोग्राम में समस्या ना हो साथ ही प्रोग्राम में जेसीआई भरतपुर सेंचुरी की नॉमिनेशन कमेटी ने 2025 के अध्यक्ष पद के लिए निखिल खंडेलवाल सचिव पद के लिए अनिल गर्ग तेहरा और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुमित अग्रवाल को निर्वाचित किया गया । प्रोग्राम में सभी सदस्यों ने तीनों पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया व साथ ही पूर्व अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का भी सम्मान किया गया। प्रोग्राम में मौजूद पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, महेश सक्सेना ,जयप्रकाश गोयल , जितेंद्र गोयल, पूर्व जॉन प्रेसिडेंट रजत आर्य अध्यक्ष 2024 सपना डिगिया सचिव अंजू जैन ,कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता ,जितेंद्र जैन ओसवाल,मनोज सिंघल ,संतोष अग्रवाल ,विवेक गोयल, पीयूष अग्रवाल ,सुरेंद्र जैन ,प्रवीण खंडेलवाल, पवन अग्रवाल, संजय डिगिया ,राजीव गोपालिया ,आदि सदस्य मौजूद रहे।

## बाड़ी में जुआ खेलते 11 गिरफ्तार, एक लाख नकदी जब्त

### फायरिंग रेंज के पास जंगल में छापेमारी की, भागने लगे तो घेराबंदी कर पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र की फायरिंग रेंज के पास से एक बड़ा जुआ पकड़ा है। मौके से ग्यारह जुआरी पुलिस के हाथ लगे हैं। जिनसे एक लाख से अधिक की राशि बरामद हुई है। पुलिस द्वारा उक्त मामले में थाने पर 6/25 एफआईआर दर्ज करते हुए 13 आरपीजीओ एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। सोने का गुर्जा थाना अधिकारी कैलाश चंद बेरवा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर थाना क्षेत्र में जुए को लेकर विशेष एक्शन लिया गया है। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया है। ऐसे में जरिए मुखबिर शनिवार को दिन में सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की फायरिंग रेंज के पास जंगल में जुआ हो रहा है। उक्त सूचना के पुख्ता होने पर थाने के हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार,कांस्टेबल मनोज, जोरमल,भगवान सिंह,बीरबल,गौरव सिंह,विनोद और देवेंद्र सहित अन्य पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर कार्रवाही की। जहां पर जंगल में पेड़ के नीचे जुआ होता मिला। जैसे ही पुलिस ने दविश दी। जुआरी मौके से भागने लग। जैसे-तैसे पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्त में लिया। मौके से पुलिस को एक लाख 690 रुपए की राशि बरामद हुई। साथ में जुआ उपकरण जप्त किए हैं। सभी जुआरियों के खिलाफ थाने पर 6/25 एफआईआर दर्ज करते हुए जुआ एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

**यह जुवारी लगे पुलिस के हत्थे :** इस्लाम पुत्र खैराती मुसलमान निवासी भूमिया मठ सरमथुरा,बुद्धा पुत्र छोटे मीणा निवासी भूमिया मठ सरमथुरा,अतिराज पुत्र इंद्रभान ठाकुर निवासी सगोरा आंगई,केशव पुत्र गोरे मुसलमान निवासी अजीजपूरा गुमट बाड़ी,रामबरन पुत्र जगन्नाथ गुर्जर निवासी सिमर्रा सोने का गुर्जा,लारा उर्फ ज्ञानसिंह पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी सुनीपुर,प्रेमसिंह पुत्र शिवसिंह मीणा निवासी समानपुरा सरमथुरा,हलुका पुत्र हरिसिंह मीना निवासी दीवानपुरा सरमथुरा, बच्चूराम पुत्र गंगाराम मीणा निवासी चिलाचोंद, मोहर सिंह पुत्र नारायण सिंह मीणा निवासी दीवानपुरा सरमथुरा,आजाद खां पुत्र छुट्टन खां निवासी सती का चौक सरमथुरा।

## परचून एवं किराना संघ रजिस्टर्ड भरतपुर का नव वर्ष मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** स्थित अभिनंदन मैरिज होम में धूमधाम से मनाया गया इसमें मुख्य अतिथि भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक महोदय मृदुल कछावा थे विशिष्ट अदिति शिव सिंह भोट, गिरधारी तिवारी ,मनोज भारद्वाज शैलेश कौशिक मनोज खंडेलवाल मोहनलाल मित्तल नरेंद्र गोयल भगवान बंसल मनीष सिंघल नमकीन वाले सीए अतुल मित्तल ट्रैफिक हुद्ध गंगा साय मीणा भरतपुर के एफएसएसएआई अधिकारी नरेंद्र रूप सिंह महेश शर्मा ,आदि मौजूद रहे कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल ने की। महामंत्री अनिल गर्ग तेहरा वालों ने बताया नव वर्ष प्रोग्राम में सांस्कृतिक प्रोग्राम शानदार भजनों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया प्रोग्राम संचालन नरेंद्र निर्मल ने किया वह उनका साथ निखिल खंडेलवाल राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य समाज ने दिया ।प्रोग्राम में सभी व्यापारी भाई,कार्यकारणीसदस्य, हलवाई , मैरिज होम स्टाफ का अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल ने आभार व्यक्त किया प्रोग्राम में संस्था का संक्षिप्त परिचय संस्था के पूर्व अध्यक्ष सीताराम दाल वाले ,परसोत्तम जी दिगिया , चावला ने प्रस्तुत किया इस मौके पर अनिल बजाज, कृष्णा मुरारी बंसल,राकेश गर्ग सामरा , सतीश अग्रवाल,विनोद दिगिया ,मुकेश मंगोड़ी ,अशोक खंडेलवाल नाटाणी,अशोक खंडेलबाल मथुरा गेट महेंद्र गुप्ता ,संजय बहनेरा शंकर सतीजा, अनिल चौधरी ,रजत खंडेलवाल, मनोज सिंघल, सूरजभान गर्ग ,सुमित अग्रवाल , मनोज चौधरी आदि मौजूद थे।

## राजसमंद में भस्मासुर बना हाईवे पर अंडरपास, उदयपुर भीलवाड़ा हाईवे पर बना है मौत का गड्ढा,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** उदयपुर से भीलवाड़ा जाने वाले 150 किलोमीटर के टोल मार्ग के बीच में राजसमंद जिला मुख्यालय पर प्रवेश का वैकल्पिक मार्ग है मोही फाटक। लेकिन यह मोही फाटक चौराहा इन दोनों राहगीरो और वाहन चालकों के लिए डेंजर जोन बना हुआ है। इसका कारण है इस चौराहे पर 24 घंटे यातायात का दबाव रहता है। लेकिन यहां लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके साथ ही कांकरोली जाने वाले मार्ग पर अंडरपास के नाम से एक गड्ढा बना हुआ है। हाईवे के नीचे बने इस गड्ढे में कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं तो कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इस समस्या पर न तो एनएचआई का ध्यान है और ना ही नगर परिषद का। जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए प्रयास किया लेकिन उन्हें भी टका सा जवाब दे दिया गया। नगर परिषद इसे एन एचआईकी जिम्मेदारी बताती है जबकि एनएचआई इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। इन सब का खामियाजा भुगतना पड़ता है यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले दो पहिया और चौपाइयां वाहन चालकों को।

## निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका के वार्डों के परिसीमन एवं उनके पुनर्गठन को लेकर बरती गई त्रुटियों, नियमों के विपरीत गठित किए गए वार्डो को लेकर दर्ज़ करवाई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल ने उच्च अधिकारियों को पत्र,ईमेल,वॉट्सएप के माध्यम से नगर पालिका निंबाहेड़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्डो के परिसीमन एवं उनके पुनर्गठन 2025 को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है।

पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल ने जानकारी देते हुए बताया निंबाहेड़ा नगर पालिका में उक्त वार्डों एवं उनके परिसीमन एवं पुनर्गठन में बरती गई अनियमितताओ, त्रुटियों तथा नियमों के विपरीत गठित किए गए वार्डो को लेकर रविवार को चित्तौड़गढ़ ज़िला कलेक्टर, निंबाहेड़ा नगर पालिका प्रशासक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर पालिका निंबाहेड़ा को पत्र,ईमेल एवं वॉट्सएप के माध्यम से नगर पालिका निंबाहेड़ा द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्डो के परिसीमन/पुनर्गठन के अंतर्गत निर्मित वार्डो में अनियमिताओ,त्रुटियों के साथ ही नियमों के विपरीत किए गए परिसीमन को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आपत्ति दर्ज करवाई है।

आपत्ति दर्ज करवाते हुए रायवाल ने कहा कि नगर पालिका द्वारा सत्ताधारी दल एवं उसके नेताओं के प्रभाव में आकर नियमों के विपरीत जाते हुए वार्डो का पुनर्गठन किया है जो की जन भावना के पूरी तरह विपरीत है। नगर पालिका द्वारा परिसीमन करते हुए ना तो जनसंख्या अनुपात का ध्यान दिया गया और ना ही नेशनल हाईवे क्रॉस ना करने के नियम का और ना ही अत्यधिक क्षेत्रफल में वार्ड ना फैले होने के नियम की पालना की गई। साथ ही वर्ष 2011 की जनगणना में बने हुए सांख्यिकी ब्लॉक को भी गलत तरीके से तोड़ते हुए इधर-उधर किया गया है जो की पूर्ण रूप से अनुचित है। इसी तरह भारी ट्रैफिक दबाव वाले मुख्य मार्गो को भी इधर से उधर तोड़ते हुए वार्डो का पुनर्गठन किया गया। उदाहरण के तौर पर जेके ऑफीसर कॉलोनी एवं जेके वर्क्स कॉलोनी के साथ उनकी चार दिवारी के बाहर स्थित आरके कॉलोनी, कृष्णा नगर,बंजारा बस्ती,कुसुम गार्डन क्षेत्र इत्यादि आबादी को जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है जो पूरी तरह अनुचित है। इसी क्रम में पुराने शहर की आबादी को भी इस तरह से तोड़ा मरोड़ा गया है कि नव प्रस्तुत वार्ड बेतरतीब बने हैं, जिससे पुराने शहर की आबादी को अपने जनप्रतिनिधि की पहचान करने में ही समय लग जाएगा, क्योंकि एक-एक गली में चार पार्षद निर्वाचित होंगे जिसे पुराने शहर में सदैव भ्रम की स्थिति बनी रहेगी जिससे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल ने जन भावनाओं के आधार पर अव्यवस्थित निर्मित वार्डो को चिन्हित कर आपत्ती दर्ज करवाई है साथ ही अधिकारियों से निवेदन किया है कि जब भी इस आपत्ति पर सुनवाई हो तो हमें सूचित करें ताकि हम जनता का पक्ष पूरी मजबूती से सत्ता एवं प्रशासन के सामने रख सकें।

## मिनी बस पलटने से 12 लोग घायल: जिला अस्पताल में कराया भर्ती, भोपाल से जा रहे थे प्रयागराज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र में भरतपुर बायपास के पास एक मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मिनी बस के पलटने से उसमें सवार 12 लोग घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हादसे में घायल हुए लोगों ने बताया कि मिनी बस में सवार सभी लोग भोपाल से प्रयागराज कुंभ में नहाने के लिए जा रहे थे।

जैसे ही मिनी बस सदर थाने से आगे भरतपुर बायपास पर पहुंची, तभी अचानक ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनका डॉक्टरों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# अनियंत्रित होकर पलटा डामर से भरा टैंकर

### नाथद्वारा ओवर ब्रिज डिवाइडर को तोड़कर सर्विस लेने पर पलटा टैंकर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के नाथद्वारा नगर के सुखाड़िया नगर के सामने नेशनल हाईवे 8 के ओवरब्रिज पर रविवार को हादसा हो गया, उदयपुर की ओर से आ रहा टैंकर एक कार को बचाने की कोशिश में ओवरब्रिज की सेफ्टी वाल को तोड़ कर सर्विस रोड पर पलट गया, गनीमत रही कि हादसे के वक्त सर्विस रोड पर कोई नही था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यदर्शियों हितेश ने बताया कि उदयपुर की ओर से आ रहे कार वाले कि लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है, टैंकर चालक ने आगे चल रही कार को बचाने के चक्कर मे ब्रेक लगाया जिसके बाद टैंकर अनियंत्रित होकर हाइवे की सेफ्टवाल को तोड़ते हुए सर्विस रोड पर पलट गया । हादसे के बाद राहगीरों ने ट्रेलर चालक को बाहर निकाला ओर जिला चिकित्सालय पहुँचाया। एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टैंकर के सेफ्टवाल से टकराकर गिरने की सूचना पर मौके पर पहुँचे, जहां डामर रोड पर फैल गया था जिसके बाद ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया व मौके से लोगो को हटाया गया। हादसे में बिहार निवासी चालक राहुल पिता भीष्मदेव चौधरी घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से चिकित्सालय ले जाया गया है, वहीं फायर ब्रिगेड व क्रेन को बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार डामर का टैंकर अहमदाबाद से भीलवाड़ा जा रहा था इसी दौरान नाथद्वारा में सुखाड़िया नगर के पास हाइवे के ओवरब्रिज पर हादसे का शिकार हो गया, हाइवे मोबाइल से क्रेन बुलवाकर मौके से गाड़ी को हटाया का कार्य करवाया जा रहा है।

# छात्राओं ने करियर मेले से पहले दिखाई प्रतिभा

### निबंध-नाटक, भाषण समेत 9 प्रतियोगिताओं में दिखाया दम; विजेताओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के सरमथुरा स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में 10 फरवरी को होने वाले करियर मेले की तैयारियों के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में कई प्रतिभाशाली छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। राधिका ने रंग भरो, अंतरा व्यास ने निबंध, निदा खान ने भाषण, गुनाज बानो ने क्ले मॉडलिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं वर्षा मीना ने मॉडल, अंजली मीना ने आशु भाषण, संजना कश्यप ने चार्ट पर चित्र, मीना एवं समूह ने नाटक तथा अक्षरा बानो ने कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल में आयोजित इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। छात्राओं का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके लिए रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मददगार साबित होंगी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में ममता देवी, मंजू मीना, श्वेता दीक्षित, निरंजन, पुष्पेंद्र शर्मा, लक्ष्मण मीना, जिया उल हक, विनोद श्रीमाल, अनिल शर्मा और राजू सैन शामिल रहे। इसके अलावा विद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए डॉक्टरों की टीम से संपर्क किया जा रहा है।

## बार एसोसिएशन राजसमंद का शपथ ग्रहण समारोह नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत कर दिलाई गई शपथ




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला बार एसोसिएशन के चावन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारी का आज 100 फीट रोड स्थित भिक्षु नीलियम मे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र कछवाल, विधायक दिप्ती माहेश्वरी, एसपी मनीष त्रिपाठी के अलावा पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं वर्तमान कार्यकारिणी के साथ सभी न्यायाधीश और बार एसोसियेशन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करने के बाद राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने नवनियुक्त पदाधिकारी अध्यक्ष रामलाल जाट, उपाध्यक्ष गिरिराज सोनी, सचिव महेश सेन, कुलदीप पालीवाल, ललित कुमावत और सुखलाल बेरवा को गोपनीयता एवं कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर पूर्व में राजसमंद बार एसोसिएशन में पदाधिकारी एवं अधिकारी रहे महानुभावों का भी सम्मान किया गया।

## लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका से मौजपुर गांव को हटाने पर कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। योगेश मिश्रा,जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका से मौजपुर गांव को हटाने संबंधी प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष, योगेश मिश्रा ने लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका से मौजपुर गांव को हटाने संबंधी प्रक्रिया पर आपत्ति जताते जिला कलेक्टर को इस बाबत पत्र लिखकर अवगत कराया है। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि कुछ समय पहले ही लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका का सृजन कुछ गांवों को जोड़कर किया गया थाण् जिसमें रेवेन्यू के हिसाब से सबसे बड़े गांव मौजपुर को भी शामिल किया गया थासअब जब नगर पालिका का परिसीमन किया जाना है,तब नियम विरुद्ध प्रक्रिया के तहत गांव मौजपुर को राजनीतिक द्वेष से लक्ष्मणगढ़ से 8 किमी दूर बताकर नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ से हटा देने संबंधी प्रस्ताव पारित किया जा रहा है,जबकि मौजपुर गांव की रेवेन्यू सीमा लक्ष्मणगढ़ से 1 किलोमीटर दूरी से ही शुरू हो जाती है जिसमें सारे सरकारी ऑफिस दूरभाष केंद्र लक्ष्मणगढ़ए अंबेडकर छात्रावास लक्ष्मणगढ़ए वन विभाग ऑफिस लक्ष्मणगढ़, पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मणगढ़ आदि मौजपुर की रेवेन्यू सीमा में ही स्थित हैण् उन्होंने मांग कीए कि इन सभी वस्तु स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, नगर पालिका लक्ष्मणगढ़ से मौजपुर को अलग ना किया जाए साथ ही लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका का नाम मौजपुर. लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका रखा जाए।

# सलमान बोले- पैसे नहीं थे, दोस्त ने 15 हजार दिए

## मनाली में खरीदारी के वक्त जरूरत थी, कहा- स्वार्थी दोस्तों से दूर रहना बेहतर



सलमान खान ने बताया है कि उनकी लाइफ में दोस्तों की खास जगह है। वे आज भी स्कूल के दोस्तों के साथ जुड़े हुए हैं। जरूरत पड़ने एक-दूसरे की मदद भी करते हैं। सलमान ने यह भी बताया कि जब वे फिल्म सनम बेवफा की शूटिंग कर रहे थे, तब उन्होंने एक दोस्त से कुछ सामान खरीदने के लिए 15 हजार रुपए लिए थे। उस वक्त यह रकम बहुत बड़ी थी। इसके बाद से उस इंसान के साथ सलमान की दोस्ती आज तक कायम है।

### सलमान बोले- कई दोस्त सालों बाद भी मेरे साथ हैं

हाल ही में सलमान अपने भतीजे अरहान खान के शो डंब बिरयानी पर पहली बार पॉडकास्ट में नजर आएं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मेरे कई दोस्त हैं, जो इतने सालों बाद भी मेरे साथ हैं। यही वह चीज है जिसे आपको अपने दोस्तों के साथ हासिल करने की जरूरत है। मैं उन्हें अक्सर नहीं देख पाता। लेकिन जब भी हम मिलते हैं, हमारी बॉन्डिंग पहले जैसी ही रहती है। जब भी हमें किसी चीज की जरूरत होती है, तो हम सभी टच में रहते हैं।'


### पैसे न होने पर दोस्त ने की थी सलमान की मदद

उन्होंने कहा, 'फिल्म मैंने प्यार किया के दिनों का एक मेरा दोस्त है। जब मैं फिल्म सनम बेवफा कर रहा था तो उसने मुझे 15 हजार रुपए दिए थे। उस वक्त यह बहुत बड़ी रकम थी। हम मनाली में थे और खरीदारी कर रहे थे। मुझे कुछ पसंद आया, लेकिन मेरे पास पैसे नहीं थे। इस वजह से उसने मुझे पैसे दिए। हम तब से दोस्त हैं।'

### सलमान बोले- स्वार्थी दोस्तों से दूर रहना चाहिए

सलमान ने बताया कि उनके एक फोटोग्राफर दोस्त हैं, दोनों एक-दूसरे को लंबे वक्त से जानते हैं। लेकिन आज तक साथ काम नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा, 'बहुत सारे दोस्त आते हैं और चले जाते हैं। कुछ ऐसे भी दोस्त हैं जो हमेशा आप से कुछ चाहते हैं। उन लोगों को आसपास नहीं होना चाहिए। फ्रेंडशिप में स्वार्थ नहीं होना चाहिए। हमें उन लोगों को जाने देना चाहिए, जिन्हें हमने कई दूसरे मौके दिए हैं। जब वे नहीं बदलते तो आप उन्हें जाने देते हैं। हालांकि जब भी आप उनसे मिलें तो आपका बिहेवियर नॉर्मल होना चाहिए। उन लोगों के प्रति अपने दिल में कोई बुरी भावना भी नहीं रखनी चाहिए।'

सलमान ने यह भी कहा, 'कभी मत कहो कि उन्होंने तुम्हें धोखा दिया है। यह आप ही हैं जिन्होंने उन पर इतना भरोसा किया और उन्होंने बस फायदा उठाया। ऐसे लोग भी हैं जो आप पर आंख मूंदकर भरोसा करेंगे और कभी फायदा नहीं उठाएंगे। कुछ लोगों के साथ आपको 20 साल बाद एहसास होता है कि वे आपको इस पूरे समय बेवकूफ बना रहे थे।'



# 'मसान', 'पीकू' जैसी फिल्में असली सिनेमा परेश रावल बोले- ये फिल्में दिल छू लेने वाली

## सुरजीत सरकार संग काम करने की जताई ख्वाहिश

**हाल ही में एक्टर परेश रावल की फिल्म द स्टोरी टेलर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ आदिल हुसैन और रेवती भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में परेश रावल ने एक कहानीकार की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी की सच्चाई को दर्शाता है। खास बातचीत में उन्होंने इस फिल्म के बारे में विस्तार से बात की और अपने करियर के अनुभव भी साझा किए।**

### द स्टोरी टेलर का हिस्सा बनना बड़ी खुशी

परेश रावल कहते हैं, इतनी बेहतरीन कहानी का हिस्सा बनना बहुत खुशी की बात है। ऐसे मौके जिंदगी में बहुत कम आते हैं। जब अच्छे डायरेक्टर, राइटर, एक्टर और प्रोड्यूसर के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो मजा और बढ़ जाता है। फिल्म में काम करते हुए महसूस हुआ कि जब किसी महान लेखक की कहानी पर आधारित फिल्म में काम करने का मौका मिलता है, तो वह गर्व की बात होती है। मैं सत्यजीत रे के काम का गहरा सम्मान करता हूं और उनका बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिला, लेकिन उनकी लिखी कहानी में काम करना भी मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### कोलकाता में शूटिंग का अनुभव

रावल ने कोलकाता में शूटिंग का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, कोलकाता की भीड़ में एक अलग ही एनर्जी महसूस होती थी। लोग बहुत वॉर्म और बेहतरीन हैं, वहां कोई पल डल नहीं लगता। यह शहर अपने आप में एक सांस्कृतिक नगरी है। यहां हर जगह आपको दिलचस्प किरदार मिल जाते हैं। जहां इतने महान कलाकारों ने काम किया हो, वो जगह अपने आप में खास होती है।

### मुझे पीकू, मसान और जोरम जैसी फिल्में पसंद हैं

परेश रावल ने हाल ही में कुछ फिल्में देखीं, जो उन्हें बेहद पसंद आईं। उन्होंने कहा, जोरम और थ्री ऑफ अस दिल को छू लेने वाली फिल्में हैं। वहीं, मसान और पीकू सिर्फ मनोरंजन नहीं देतीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं। मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जो किसी दूसरी दुनिया में ले जाएं और हमेशा याद रह जाएं।

### इन डायरेक्टर्स के साथ काम करने की ख्वाहिश

परेश रावल ने बताया कि उनकी विशलिस्ट में कुछ खास डायरेक्टर्स हैं, जिनके साथ वे काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नीरज घायवान और सुरजीत सरकार के साथ काम करने की ख्वाहिश है। इनकी फिल्मों में गहराई और कंटेंट कमाल का होता है।

अविनाश अरुण, जिन्होंने थ्री ऑफ अस बनाई, उनके साथ भी काम करना चाहता हूं। अभी मैं आदित्य सरपोतदार के साथ थामा कर रहा हूं और लगता है कि उनके साथ और भी फिल्में करनी चाहिए। मुझे वही कहानियां पसंद हैं, जो असली लगें, लॉजिकल हों और इमोशंस से भरी हों। ऐसी फिल्में जो कुछ नया सिखाएं और देखने के बाद लगे कि वाकई कुछ अच्छा देखा।

### इंडस्ट्री में बदलाव

परेश रावल ने इंडस्ट्री में आए बदलाव पर भी बात की। उन्होंने कहा, आसपास के लोगों का बिहेवियर सबसे ज्यादा बदला है। वर्क एथिक्स में सुधार हुआ है। अब फिल्में एक लिमिटेड टाइम फ्रेम में पूरी होती हैं, सबका डिसिप्लिन बढ़ा है। हीरो भी अब वर्क ओरिएंटेड हो गए हैं। ये सब बहुत पॉजिटिव बदलाव हैं।

# अमीषा बोलीं नई पीढ़ी इंस्टाग्राम पर ज्यादा फोकस करती है

## एक्ट्रेस ने नए कलाकारों को अपनी पीढ़ी के एक्टर्स के साथ कंपेयर किया

**अमीषा पटेल ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि नई पीढ़ी के कलाकार अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान देते हैं।**



### फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलाव पर बोलीं अमीषा

अमीषा पटेल ने इंडिया टुडे डिजिटल से बातचीत के दौरान अपनी पीढ़ी के एक्टर्स और नई पीढ़ी के एक्टर्स के बीच के डिफरेंस को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा- मुझे वाकई लगता है कि हमारा समय कहीं ज्यादा अच्छा था। और तब से लेकर अब तक, हम जैसे कलाकार - चाहे शाहरुख हों, सलमान हों, मैं, प्रीति, रानी, करीना। हम सभी का ध्यान इस बात पर रहा कि हम कैमरे के सामने क्या करते हैं।

### नई पीढ़ी इंस्टाग्राम पर ज्यादा फोकस करती है- अमीषा

अमीषा पटेल ने आगे कहा- जबकि आज की पीढ़ी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ज्यादा फोकस करती है। जो कि मुझे लगता है कि ये एक चिंता का विषय है। ये सबसे बड़ी कमी है कि वे बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्म के टिकट खरीदने के लिए ऑडियंस को अट्रैक्ट नहीं कर पाते है। उनका पूरा फोकस रील बनाने पर होता है। जिसमें वे दिखाते हैं कि उनके मेकअप वैन में उनके मेकअप आर्टिस्ट, उनके स्टाइलिस्ट, उनके को-एक्टर्स के साथ क्या-क्या होता है। वे बड़े पर्दे पर दिखने की तुलना में पार्टियों में ज्यादा खुश दिखाई देते हैं।

### यंग एक्टर्स को कंपेयर किया

एक्ट्रेस ने बताया कि प्रायोरिटी में यह बदलाव नए कलाकारों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में साफ दिखाई देता है। उन्होंने सलमान खान, शाहरुख खान और अक्षय कुमार जैसे बड़े कलाकारों के साथ यंग एक्टर्स का कम्पेरिजन किया। एक्ट्रेस ने कहा- लोग आज भी हमारे जमाने के कलाकारों को देखना चाहते हैं, क्योंकि हमने कभी पार्टी करने या किसी इवेंट में शामिल होने पर इतना फोकस नहीं किया। इंस्टाग्राम सिर्फ एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, यह हमारी लाइफ नहीं है।

### इंस्टाग्राम पर नहीं, बल्कि बड़े पर्दे पर कमाल करो- अमीषा

अमीषा ने अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र जैसे बड़े कलाकारों के साथ कम्पेरिजन करते हुए कहा कि उन्होंने कम मीडिया एक्सपोजर के बावजूद सुपर स्टारडम हासिल किया है। मिस्टर बच्चन, धर्मेंद्र जी जैसे सुपरस्टार्स को देखें। उस समय उनके पास टीवी चैनल या इस तरह के इंटरव्यू नहीं हुआ करते थे, फिर भी लोग उनके दीवाने थे। उनकी फिल्में रिलीज होते ही बड़े पर्दे पर तहलका मचा देती थीं। अमीषा पटेल ने आज के एक्टर्स को तंज करते हुए कहा- असली सिनेमा यही है - इंस्टाग्राम पर नहीं, बल्कि बड़े पर्दे पर कमाल करो।

### साल 2023 में गदर 2 में नजर आई थीं अमीषा

अमीषा पटेल एक्ट्रेस होने के साथ-साथ फिल्म प्रोड्यूसर और मॉडल भी हैं। एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म गदर 2 साल 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म साल 2001 में आई फिल्म गदर: एक प्रेम कथा का सीक्वल है।

# सलमान ने भतीजे को ब्रेकअप से उबरने की सलाह दी

### बोले- गर्लफ्रेंड धोखा दे तो उसे जाने देना चाहिए, रोकर मन को हल्का करना बेहतर

सलमान खान ने हाल ही में भतीजे अहरान को ब्रेकअप से डील करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ब्रेकअप के दुख में लंबे समय तक नहीं रहना चाहिए। बल्कि रोकर इससे आगे बढ़ जाना चाहिए। हाल ही में सलमान पहली बार भतीजे अरहान के पॉडकास्ट में दिखे। यहां उन्होंने कहा, 'अगर आपकी गर्लफ्रेंड ने आपसे ब्रेकअप कर लिया है तो भी उसे जाने दो। इन चीजों से जल्दी निकल जाना चाहिए। इसके लिए एक कमरे में अंदर जाएं, अच्छे से रोएं और मैटर को खत्म कर दें। बाहर आएं और लोगों से कहें- क्या हो रहा है? सब कैसा चल रहा है?'

बातचीत के दौरान सलमान ने धोखे से निपटने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा, 'एक रिश्ते में शामिल हो जाओ, चाहे आप कितना भी समय बिताओ। आप 40-50 साल बिता सकते हैं और आपको एहसास होता है कि मेरी पीठ में छुरा घोंपा गया है। लेकिन यह एहसास होते ही उस रिश्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए। फिर खुद को पहले जैसे कंडीशन में ढाल लेना चाहिए। यह मेरे साथ अभी हुआ है। लेकिन मैंने अपने मन को यह समझा लिया है कि यह मेरे साथ 6 महीने पहले हुआ था, इसलिए दर्द बहुत कम है।'

# छिपकर दिलीप कुमार के घर में घुस गए थे धर्मेंद्र

## कहा- मैं बचपन से उनका बड़ा फैन; बंगाली फिल्म पारी में साथ काम किया

धर्मेंद्र बॉलीवुड इंडस्ट्री में आने से पहले ही दिलीप कुमार के बहुत बड़े फैन थे। उस समय धर्मेंद्र किसी काम के कारण मुंबई आए तो दूसरे ही दिन दिलीप कुमार से मिलने उनके घर पहुंच गए थे। यहां तक की धर्मेंद्र, दिलीप कुमार को अपना भाई मान बैठे थे।

### छिपकर दिलीप कुमार के घर में घुसे थे धर्मेंद्र

धर्मेंद्र ने दिलीप कुमार की ऑटोबायोग्राफी, दिलीप कुमार: द सब्सटेंस एंड द शैडो में इस किस्से को याद किया। जहां उन्होंने बताया, बात साल 1952 की है जब वे लुधियाना में पढ़ाई कर रहे थे और किसी वजह से उनका मुंबई आना हुआ। इस दौरान वह दिलीप कुमार से मिलना चाहते थे। मुंबई आने के दूसरे दिन ही वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर की तरफ निकल पड़े। दिलीप कुमार के घर के नीचे किसी सिक्योरिटी गार्ड को न देख कर वह सीधा घर के अंदर घुस गए। एक के बाद एक दरवाजे को पार करते हुए घर के अंदर पहुंच गए जहां उन्हें ऊपर के फ्लोर पर जाने के लिए सीढ़ी दिखाई दीं। सीढ़ी से होते हुए वह ऊपर के एक कमरे के गेट तक पहुंच गए जिसमें दिलीप कुमार सो रहे थे। गेट पर खड़े हो कर धर्मेंद्र एक टक दिलीप साहब को निहारते रह गए।

### धर्मेंद्र को देखकर डर गए थे दिलीप कुमार

धर्मेंद्र ने पूरा किस्सा बताते हुए लिखा- मुझे देखकर दिलीप कुमार उठकर बैठ गए और घूरने लगे, यह देखकर वे काफी हैरान रह गए कि उनके बेडरूम के दरवाजे पर एक अजनबी व्यक्ति खड़ा है। जहां तक मेरा सवाल है, तो मैं अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर सका कि मेरे सामने दिलीप कुमार, मेरे आइडल थे। वे मुझे देखकर जोर से चिल्लाए और नौकर को आवाज लगाई। इसके बाद डर के मारे मैं सीढ़ियों से नीचे भागा और घर से बाहर निकल गया। धर्मेंद्र ने बताया कि वह कुछ देर तक भागते रहे और जब वह सुरक्षित जगह पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि कहीं कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है।


### बाद में धर्मेंद्र को अफसोस हुआ था

इसके बाद उन्होंने खुद से सवाल किया। उन्होंने लिखा- मुझे एहसास हुआ कि एक एक्टर की प्राइवेसी में दखल देकर मैंने कितनी लापरवाही का काम किया है। तो क्या हुआ अगर गेट पर कोई चौकीदार नहीं था और घर में मुझे रोकने वाला कोई फैमिली मेंबर नहीं था? मुझे इस तरह उनके घर में नहीं जाना चाहिए था।

### दिलीप साहब की बहन से की थी रिक्वेस्ट- धर्मेंद्र

धर्मेंद्र ने आगे लिखा कि इस घटना के करीब 6 साल बाद एक टैलेंट कॉम्पिटिशन जीतने की वजह से उन्हें कुछ सेलिब्रिटीज से मिलने का मौका मिला। जिसके कारण उनकी मुलाकात दिलीप कुमार की बहन से हुई।

धर्मेंद्र ने कहा- मैंने दिलीप साहब की बहन को जाते हुए देखा और मैं उनके पीछे दौड़ा और उनसे रिक्वेस्ट की कि वे मुझे दिलीप साहब से मिलवा दें। मैंने उनको बताया कि मुझे लगता है कि दिलीप साहब मेरे भाई हैं। इसके बाद धर्मेंद्र को दिलीप कुमार से मिलने का मौका मिला वो भी इनविटेशन के साथ उन्हें अपनी किस्मत पर खुद यकीन नहीं हो रहा था।



### बाद में घर पर आने का इनविटेशन मिला- धर्मेंद्र

धर्मेंद्र ने लिखा- जब मैं जा रहा था, तो वह मुझे ऊपर अपने कमरे में ले गए और अपनी अलमारी से मुझे एक स्वेटर दिया क्योंकि वहां थोड़ी ठंड थी और उन्होंने देखा था कि मैंने सिर्फ एक पतली सी शर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने मुझे गले लगाया और गेट तक मुझे छोड़ने कि लिए आए थे।

### फिल्म बंगाली फिल्म पारी में दोनों ने साथ काम किया

धर्मेंद्र और दिलीप कुमार ने बंगाली फिल्म पारी में साथ काम किया था, जिसे बाद में हिंदी में अनोखा मिलन नाम से बनाया गया था। धर्मेंद्र को आखिरी बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था। फिल्म 9 फरवरी 2024 को रिलीज हुई थी। जल्द ही वह फिल्म अपने 2 और इक्कीस में नजर आएंगे।

# जिसका नाम मुझसे जुड़ा, वो एक लीजेंड हैं

### सुष्मिता सेन के एक्स बयफ्रेंड रोहमन शॉल बोले- प्यार करना गलत नहीं, लेकिन अब सिंगल हूं

मॉडलिंग से पहचान बनाने वाले रोहमन शॉल को कई लोग सुष्मिता सेन के एक्स-बॉयफ्रेंड के तौर पर भी जानते हैं। लेकिन अब वह अपने करियर और खुद पर फोकस कर रहे हैं। एक्टिंग में आने के बाद उन्होंने खुद को नए नजरिए से देखा और समझा। हाल ही में, दैनिक भास्कर से खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, रिलेशनशिप और जिंदगी में आए बदलावों पर खुलकर बात की।



### पर्सनल लाइफ ने प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अटेंशन खींची, कैसे बैलेंस किया?

दरअसल, रोहमन की पर्सनल लाइफ, खासतौर पर सुष्मिता सेन के साथ उनके रिश्ते ने प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अटेंशन खींची। लेकिन उन्होंने इसे कभी प्रेशर नहीं बनने दिया। रोहमन ने कहा, शुरुआत में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं। लेकिन जब मेरा रिलेशनशिप खत्म हुआ और मैंने एक्टिंग शुरू की, तो यही मेरा इमोशनल सपोर्ट बन गया। एक्टिंग से मुझे मेंटली और इमोशनली सुकून मिला। कई बार कोई सीन आपको अंदर से ठीक कर देता है और आपको पता भी नहीं चलता। लेकिन जब आप सीन से बाहर आते हैं, तो राहत महसूस होती है।

### रिलेशनशिप की चर्चा कभी भारी पड़ी?

रोहमन इस सवाल पर मुस्कुराते हैं और बेझिझक जवाब देते हैं, जिसका नाम मेरे साथ जोड़ा जाता रहा, वो एक लीजेंड हैं। ये मेरी लाइफ का हिस्सा था और रहेगा। मुझे इस पर गर्व है कि मैंने एक खूबसूरत रिश्ता जिया। इसमें गलत क्या है? प्यार करना गलत नहीं होता। मैं आज भी उस रिश्ते को खूबसूरत मानता हूं और इससे जुड़ी बातों पर कभी कोई शिकायत नहीं रही।

### ब्रेकअप के बाद लाइफ में क्या बदलाव आए?

ब्रेकअप के बाद रोहमन ने खुद को वक्त दिया और अपने बारे में समझा। मुझे तीन साल लगे ये समझने में कि प्यार में आगे बढ़ने के लिए पहले खुद से प्यार करना जरूरी है। जब आप खुद को एक्सेप्ट नहीं करते, तो आप किसी और के साथ भी पूरी तरह खुश नहीं रह सकते। यही वजह है कि कई रिश्ते नहीं चलते। अब मुझे लगता है कि जब मैं अगली बार किसी रिश्ते में जाऊंगा, तो उसमें पुराना कोई भी बोझ नहीं रहेगा।


### क्या अब भी प्यार पर भरोसा है?

रोहमन हंसते हुए कहते हैं, बिल्कुल, प्यार पर पूरा भरोसा है। पहले करियर, फिर प्यार- अब यही फॉर्मूला है। पहले खुद को सेट कर लूं, फिर प्यार भी हो ही जाएगा। अभी रिलेशनशिप स्टेटस की बात करें, तो बिल्कुल सिंगल हूं। लेकिन अब मैं मेंटली किसी नए रिश्ते के लिए तैयार हूं। देखते हैं, आगे क्या होता है।

### क्या मॉडलिंग से एक्टिंग में शिफ्ट होना मुश्किल रहा?

रोहमन ने बताया कि शुरुआत में उन्हें खुद पर शक था, लेकिन धीरे-धीरे कॉन्फिडेंस बढ़ा। इंडस्ट्री में एक टर्म इस्तेमाल किया जाता है - प्रिटी फेस बट दे कांट एक्ट यानी मॉडल्स अच्छे एक्टर्स नहीं बन सकते। ये सुन-सुनकर मुझे भी लगने लगा कि हम सिर्फ पोज दे सकते हैं, एक्टिंग हमारे बस की बात नहीं। फिर एक बड़ा झटका तब लगा, जब मुझे एक फिल्म के लिए फाइनल कर लिया गया था, लेकिन फिर अचानक बिना किसी वजह के रिप्लेस कर दिया गया। इससे मेरा कॉन्फिडेंस कम हो गया और मैं एक्टिंग से दूर भागने लगा।

छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और
टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# गाजा के नेत्जारिम से पीछे हट रही इजराइली सेना

## यहां से घर लौट रहे फिलिस्तीनी नागरिक; सीजफायर में हुई थी डील





बढ़ता राजस्थान

**गाजा (एजेंसी)।** इजरायली सेना ने रविवार को सीजफायर समझौते के तहत गाजा के नेत्जारिम गलियारे से पीछे हटना शुरू कर दिया है। यह गलियारा उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल ने इसका इस्तेमाल युद्ध के दौरान सैन्य क्षेत्र के तौर पर किया था। 19 जनवरी को फिलिस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास के साथ सीजफायर डील के दौरान इजराइल ने 6 किलोमीटर नेत्जारिम गलियारे से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। इसके बाद से फिलिस्तीनी नागरिक नेत्जारिम को पार करके अपने घर लौट रहे हैं। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर मीडिया से कहा क उन्हें इस इलाके में सैनिकों की आवाजाही को लेकर बात करने का अधिकार नहीं है। अभी यह भी नहीं पता है कि कितने सैनिक वापस लौट रहे हैं। हालांकि कई विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक नेत्जारिम पार कर गाजा लौट रहे हैं।

### शनिवार को पांचवीं बार बंधकों की अदला बदली हुई

**शनिवार को हमास और इजराइल में पांचवी बार बंधकों की अदला बदली हुई है। हमास ने सीजफायर समझौते के तहत 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया। वहीं इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। समझौते के प्रभावी होने के बाद से अब तक कुल 16 इजराइली और 5 थाई बंधकों को रिहा किया जा चुका है।**

# लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करेगा नगर निगम

### कमिश्नर ने किया शहर का औचक निरीक्षण, बोले- थर्ड पार्टी से करवाएंगे क्वालिटी चेक इंस्पेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर निगम हेरिटेज एक्टिव मोड में आ गया है। निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बदहाल डिवाइडर और पेड़ - पौधों की खस्ता हालत देख गार्डन विंग की डिप्टी कमिश्नर को लताड़ लगाई। इसके साथ ही लापरवाह ठेकेदारों का भुगतान रोक थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के आदेश दिए।

दरअसल, नगर निगम के कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा को पिछले लंबे वक्त से गार्डन विंग में लापरवाही की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद निगम कमिश्नर हसीजा शहर के औचक निरीक्षण पर निकले। इस दौरान सी - स्कीम, हसनपुरा, सोडाला, सिविल लाइंस, बनी पार्क और घाट गेट के साथ ही शहर के अलग - अलग इलाकों में रोड डिवाइडर की बदहाल स्थिति देख कमिश्नर ने गार्डन विंग की डिप्टी कमिश्नर मोनिका सोनी को लताड़ लगाई। इसके साथ ही उन्होंने नियमों के तहत काम नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई के भी आदेश दिए।

कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि जयपुर को क्लीन और ग्रीन बनाने के लिए नगर निगम हेरिटेज द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके काफी जगह नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा बड़ी लापरवाही सामने आई है। जगह - जगह न सिर्फ डिवाइडर टूटे हुए हैं। काफी जगह पेड़ पौधे ही नहीं है तो काफी जगह पेड़ पौधे जल और टूट चुके हैं। ऐसे में इन्हें मेंटेन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही गार्डन विंग के किए गए कार्यों का क्वालिटी चेक के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन भी करवाया जाएगा। ताकि धरातल की हकीकत का पता चल सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अब नगर निगम द्वारा भी गार्डन और रोड डिवाइडरों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए ड्रोन से वीडियो और फोटोग्राफी करवाई जाएगी। जिसकी हर सप्ताह जांच होगी ऐसे में जांच में कमी पाए जाने पर संबंधित फर्म और ठेकेदार का भुगतान रोक उसे ब्लैकलिस्टेड भी किया जाएगा।

# दो दोस्तों ने किया युवती से गैंगरेप

### झूठ बोलकर झांसे में लिया, विरोध करने पर की मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में दो दोस्तों के एक युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। झूठ बोलकर झांसे में लेकर दोनों आरोपियों ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर गाली-गलौच कर मारपीट की। खोह नागोरियान थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और एससी/एसटी का केस दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी (सांगानेर) विनोद कुमार शर्मा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- खोह नागोरियान की रहने वाली 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साल-2023 में आरोपी से उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी से अच्छा परिचित हो गया। मिलने-जुलने के दौरान आरोपी व उसके दोस्त ने उसे अपनी बातों के जाल में फांस लिया। आरोप है कि झूठ बोलकर अपने झांसे में लेकर दोनों आरोपियों ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट भी की गई। इस बारे में किसी को बताने पर डराया-धमकाया भी गया। खोह नागोरियान थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाया। पुलिस ने गैंगरेप और एससी/एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने शनिवार को पीड़िता का मेडिकल करवाया है।

# जयपुर में एमडी ड्रग बेचते दो तस्कर अरेस्ट : स्कॉर्पियो से करते थे सप्लाई, थड़ी पर बैठे युवाओं को थे देते

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एमडी ड्रग बेचते दो तस्करों को करणी विहार थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। स्कॉर्पियो से दोनों तस्कर एमडी ड्रग की सप्लाई करते थे। चाय-पान की थड़ी पर बैठे युवाओं को ड्रग देते। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग व स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- एमडी ड्रग बेचते तस्कर जगदीश विश्नोई (33) व मनोहर विश्नोई (25) निवासी सेडवा बाड़मेर को अरेस्ट किया है। दोनों आरोपी एकता नगर एफ-ब्लॉक गांधीपथ करणी विहार में रहते है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से 8.79 ग्राम एमडी ड्रग व बिक्री के 17 हजार रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ड्रग बेचने में यूज स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने एमडी ड्रग बाड़मेर के धोरीमन्ना से राहुल विश्नोई से खरीदकर जयपुर में चाय-पान की थड़ियों पर छोटे पैकेट में सप्लाई करना कबूल किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी ड्रग तस्करी के मामले दर्ज है।

# महाकुंभ में महाजाम, संगम रेलवे स्टेशन 14 फरवरी तक बंद



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंग रही हैं। संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया, 14 फरवरी तक प्रयागराज संगम स्टेशन बंद रहेगा। लखनऊ लौट रहे एक श्रद्धालु आकाश द्विवेदी ने बताया- उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है। वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई है। हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई। इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। इधर, अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की।

# राजस्थान में आज सर्द हवा से मिलेगी राहत

### 30 डिग्री तक पहुंचा पारा; सीकर, नागौर और बीकानेर समेत कई शहरों में 4 डिग्री तक चढ़ा

**जयपुर।** राजस्थान में दिन के साथ-साथ सुबह-शाम की सर्दी में कमी होनी शुरू होगी। उत्तर से आ रही हवा के थमने और पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। शनिवार को भी राज्य के कई शहरों में दिन का तापमान 1 से लेकर 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। इससे कुछ शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने राजस्थान में अगले 5 दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान आसमान साफ रहा और सभी शहरों में तेज धूप रही। दिन में फतेहपुर, नागौर, बीकानेर, बाड़मेर, उदयपुर, सीकर और अलवर में अधिकतम तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। कल सबसे गर्म दिन बाड़मेर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा चित्तौड़गढ़ में कल अधिकतम तापमान 30.2, जालोर में 30.3, जैसलमेर, जोधपुर में 29.3, बीकानेर में 28.8, नागौर में 28.7 और दौसा में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में कल दिन में लोगों को हल्की गर्मी महसूस हुई।

# वायु सेना और सेना प्रमुख ने तेजस में उड़ान भरी

### पहली बार दो सेना प्रमुख एक साथ फाइटर जेट में बैठे, जनरल द्विवेदी बोले- सबसे अच्छा पल

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को स्व तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत से एक दिन पहले दोनों सेना प्रमुख तेजस फाइटर जेट में बैठे। एयरो इंडिया-2025 प्रोग्राम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। यह पहली बार है जब दो सेनाओं के प्रमुख ने एक साथ स्वदेशी फाइटर जेट में उड़ान भरी है। उड़ान के बाद थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया।

उन्होंने यह भी कहा कि हम एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) के दिनों से साथ हैं। अगर मैं वायु सेना प्रमुख से पहले मिला होता तो एयरफोर्स जॉइन करता और फाइटर पायलट बनता।



### थल सेना प्रमुख बोले- आज से एपी सिंह मेरे गुरु

उड़ान के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज से एयर चीफ मार्शल मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने इस उड़ान के दौरान मुझसे कई एक्टिविटीज कराईं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह उड़ान बहुत ही चुनौतीपूर्ण थी, मुझे इसे पूरा करके बहुत मजा आया। उन्होंने आगे कहा- मैं आईएएफ के प्रति शुक्रगुजार हूं और मैं वायु सेना के पायलट्स की हिम्मत की दाद देता हूं, जो चुनौतियों का सामना करते हैं।

### तेजस में उड़ान भर चुके हैं पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2023 को बेंगलुरु में तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में यह पहली उड़ान थी। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भी पहुंचे थे। तेजस को एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना में इसकी दो स्क्वॉड्रन शामिल हो चुकी हैं। भारतीय वायुसेना ने 83 तेजस एमके1ए लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 36,468 करोड़ रुपए का सौदा किया है।

# पूर्व विधायक सोलंकी के मामले में फेयर इंवेस्टिगेशन के निर्देश:हाई कोर्ट ने डीसीपी ईस्ट को मॉनिटरिंग के लिए कहा, फर्जी प्लॉट बेचने का है मामला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने चाकसू के पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी सहित तीन लोगों के खिलाफ जवाहर नगर थाने में दर्ज मामले में निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। जस्टिस आशुतोष कुमार ने हजारीलाल माहेश्वरी और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। जवाहर नगर थाने में सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। इसमें हाईकोर्ट ने निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जल्द जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने डीसीपी ईस्ट को इस मामले की मॉनिटरिंग करने के लिए भी कहा हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़..31 नक्सलियों की डेडबॉडी रिकवर

### 2 जवान शहीद, 2 घायल; बीजापुर में इंद्रावती नेशनल पार्क एरिया में सर्चिंग जारी





बढ़ता राजस्थान

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर रविवार को मुठभेड़ में 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए हैं। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। वहीं, मृत नक्सलियों की शिनाख्त भी की जा रही है।

इस मुठभेड़ में ष्ठक्रन्न और स्ञ्जस्न के एक-एक जवान शहीद हुए, वहीं 2 जवान घायल भी हुए हैं जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 81 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 65 बस्तर संभाग में ही ढेर हुए हैं। इसमें बीजापुर सहित 7 जिले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने 217 नक्सलियों को ढेर किया था।

### नक्सलवाद के कारण किसी नागरिक को जान गंवानी नहीं पड़ेगी- शाह

अमित शाह ने कहा कि, 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा हो जाएगा। देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। शाह ने यह बात छत्तीसगढ़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कही। गृहमंत्री ने कहा कि, भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 1500 किमी. लंबी सड़क बनेगी

**बीकानेर।** राजस्थान-पंजाब से लगते भारत-पाक बॉर्डर से अब पड़ोसी देश पाकिस्तान पर नजर रखना आसान होगा। गश्त करते जवानों के पैर अब रेत-मिट्टी में नहीं धंसेंगे। बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर सहित पंजाब के क्षेत्र में भी बॉर्डर पर जीरो फेंसिंग के पास डामर सड़क बनाने की तैयारी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने करीब साढ़े चार हजार करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। सड़क बनने से जवान बॉर्डर पर पैदल सहित वाहनों पर भी गश्त कर सकेंगे। भारी वाहनों के मूवमेंट करने के साथ-साथ बॉर्डर पर पेट्रोलिंग करने में भी आसानी होगी। सुरंग या अन्य तरीके से नशीली पदार्थों की तस्करी पर भी लगाम लगेगा। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के आईजी एमएल गर्ग ने बताया- अकेले राजस्थान में एक हजार से ज्यादा किमी लंबी सड़क का निर्माण होगा।